हरिभूमि
# रायपुर भूमि



- प्लेटफार्म में एक छोर से दूसरे छोर तक केवल दिखाई दे रहे यात्रियों के सर
- एक ट्रेन में सफर करने हजारों की भीड़, प्लेटफार्म में पैर रखने की जगह नहीं
- स्लीपर में भी जनरल कोच जैसी भीड़, मंडल की ट्रेनों में भी जगह नहीं

### प्लेटफार्म और ट्रेन यात्रियों से ठसाठस

रेलवे कटनी मार्ग की ट्रेनों को रद्द किया है, लेकिन इसका असर अन्य ट्रेनों में दिखाई दे रहा है। शाम के वक्त एक छोर से दूसरी छोर तक केवल यात्रियों के सिर ही नजर आते रहे। प्लेटफार्म यात्रियों से ठसाठस भरा नजर आया। जैसे ही ट्रेन ने प्लेटफार्म में प्रवेश किया यात्रियों में हलचल मच गई। ट्रेन के रुकते ही जनरल कोच के यात्री सीट पकड़ने अपना सामान लेकर एक-दूसरे को धक्का देते ट्रेन में सवार होने की कोशिश करने लगे। 2 मिनट के भीतर प्लेटफार्म में खड़ी भारी भीड़ ट्रेन के भीतर चली गई। ट्रेन के रवाना होने के बाद प्लेटफार्म पूरी तरह वीरान हो गया।

## ट्रेन ऑफ, मुश्किलें ऑन... यात्रियों से भोपाल हुआ दूर, एक-एक सीट के लिए हो रहा संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

पटरियों के कामकाज कारण बीते दिनों रेलवे ने 30 ट्रेनों को रद्द किया था, जिसके बाद यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जोन से मध्यप्रदेश के शहरों तक जाने वाली प्रमुख ट्रेनों को रेलवे ने 17 जनवरी तक रद्द कर दिया है, जिसका असर सोमवार को दिखाई दिया। अकरकंटक, समता एक्सप्रेस और दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में जनरल व स्लीपर के साथ एसी कोच में भी यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस और रीवा और बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस के रद्द होने से अब यात्रियों के पास भोपाल, इंदौर और जगदलपुर जाने यात्रियों के पास अंतिम ▶▶|शेष पेज 13 पर



### केस 1 — हर ट्रेन में हजारों यात्री

सोमवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक मुंबई और हावड़ा के बीच 8 ट्रेनें रवाना हुईं। समरसता, समता, जनशताब्दी, रक्सौल, गरीबरथ समेत हर ट्रेन में 1000 से 1500 यात्रियों ने सफर किया। प्लेटफार्म में जो भी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### केस 2 — एक सीट में आठ यात्री

ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों का दबाव एक्सप्रेस के जनरल कोच पर सबसे अधिक पड़ा है। कोच में यात्रियों की भीड़ इतनी हो चुकी है कि एक सीट में सात-आठ यात्री बैठकर सफर कर रहे हैं, जबकि आमतौर पर लंबी सीट में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### केस 3 — नहीं मिली खड़े होने की जगह

सामान्य दिनों में भोपाल जाने के लिए रायपुर से दो और बिलासपुर से 4 ट्रेनें होती हैं। अब समता एक्सप्रेस और अमरकंटक हीसंचालित की जा रही है। इस वजह से ट्रेनों में भीड़ अधिक रही। जरनल कोच में भीड़ ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### होटल में कमरा नहीं देने पर मारपीट



रायपुर। राजेंद्र नगर थाने में एक होटल प्रबंधन ने एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पचपेड़ी नाका में अलमरीन नाम से होटल संचालन करने वाले मोहम्मद सरफराज ने सौरभ सोनी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सरफराज ने पुलिस को बताया कि सौरभ उनके होटल में कमरा बुक कराने आया था। होटल में कमरा नहीं होने की बात कहने पर सौरभ ने मारपीट की।

### बाइक को लात मारकर गिराया, की पिटाई



रायपुर। आमानाका थाने में एक किशोर ने एक युवक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक एक किशोर ने शिवा निषाद के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। किशोर ने पुलिस को बताया कि शिवा ने उसकी बाइक को लात मारकर गिराने के बाद उसके साथ मारपीट की।

### नशा करने पैसे नहीं देने पर बदमाश ने पीटा



रायपुर। डीडीनगर थाने में एक युवक ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रजत कुमार माहोर ने शुभम दुबे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रजत ने पुलिस को बताया कि शुभम उससे नशा करने पांच सौ रुपए मांग रहा था, पैसे देने से इनकार करने पर शुभम ने उसके साथ मारपीट की।

### उधार लेन-देन के विवाद पर मारपीट



रायपुर। खमतराई थाने में एक एक युवक ने दूसरे युवक खिलाफ लेन-देन विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विशालदास मानिकपुरी ने मनोज साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विशालदास ने पुलिस को बताया कि मनोज ने उससे पुराने लेन-देन की बात को लेकर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की है।

### जमीन विवाद मे महिला के साथ मारपीट



रायपुर। आमानाका थाने में एक महिला ने एक महिला तथा एक पुरुष के खिलाफ जमीन विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनीता रेड्डी ने शकुंतला तथा धीरज प्रधान के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुनीता ने पुलिस को बताया कि शकुंतला तथा धीरज ने जमीन विवाद के चलते उसके साथ मारपीट की है।

बाइक सवार तीन बदमाशों ने मुफ्त में पेट्रोल नहीं देने पर चाकू से किया हमला

## लालपुर में पेट्रोल पंप कर्मी को मारा चाकू, खमतराई में जमकर उपद्रव


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


हरिभूमि तत्काल

राजधानी में बदमाशों की गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंच गई है। बदमाश पेट्रोल पंप में अपनी बाइक में जबरन पेट्रोल डालने का प्रयास कर रहे हैं, तो कहीं बदमाश आपसी लड़ाई के कारण आम लोगों के वाहनों में तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। राजधानी में रविवार से सोमवार के बीच बदमाशों ने टिकरापारा तथा खमतराई थाना क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाते हुए एक पेट्रोल पंप कर्मी पर चाकू से हमला कर दिया तथा भनपुरी में बदमाशों ने आधा दर्जन वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की।

पुलिस के मुताबिक टिकरापारा थाना क्षेत्र में लालपुर स्थित पुजारी हाईवे फ्यूल्स के मैनेजर एश्वर्य देवांगन ने बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ पंप कर्मी प्रशांत मिश्रा के साथ मारपीट तथा उस पर चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। एश्वर्य ने पुलिस को बताया है कि रविवार को बाइक सवार तीन बदमाश पेट्रोल पंप पहुंचे और अपनी बाइक की टंकी खोलकर पेट्रोल पंप के पेट्रोल डालने वाले नोजल को अपने कब्जे में लेकर अपनी बाइक में जबरन पेट्रोल डालने की कोशिश करने लगे। पंप कर्मी ने विरोध किया, तो बदमाशों ने उसके ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पुलिस दोनों घटनाओं में संदेहियों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ







### लोगों ने थाने का घेराव किया

बदमाशों द्वारा वाहनों में तोड़फोड़ की घटना से नाराज लोगों ने थाने का घेराव करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के आधार पर पंकज कुशवाहा, सुनील साहनी सहित उनके अन्य साथियों की पहचान की है। वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों की पुलिस खोजबीन करने की बात कह रही है।

### शराब के नशे में मारपीट के बाद वाहनों में तोड़फोड़

इधर, खमतराई थाना क्षेत्र में बिरगांव तथा भनपुरी के दो गुटों के बीच हुए झगड़े में सोमवार को बिरगांव के 15 से 20 बदमाशों ने भनपुरी में उत्पात मचाते हुए लोगों के वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। वाहनों में तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस बदमाशों के खिलाफ बलवा सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज कर पंकज कुशवाहा तथा उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर अन्य बदमाशों की पुलिस पतासाजी कर रही है।

पुलिस के मुताबिक खमतराई स्थित मेट्रो बार के बाहर रविवार को बिरगांव तथा भनपुरी के लड़कों ने अलग-अलग समूह में शराब पी। शराब पीने के बाद बिरगांव के लड़के भनपुरी के लड़कों के साथ गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान भनपुरी के लड़कों ने बिरगांव के लड़कों के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना से आहत बिरगांव के लड़के सोमवार को 15-20 की संख्या में शाम साढ़े छह बजे के करीब भनपुरी पहुंचे और रास्ते में जिनकी गाड़ी दिखी, उसमें तोड़फोड़ करने लगे।

## 39 में 10 दिन छोड़ 27 चाकूबाजी की घटना में गई तीन की जान



राजधानी पुलिस चाकूबाजी की घटना रोकने बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है, बावजूद इसके बदमाश सुधरने का नाम नहीं ले रहे। राजधानी में एक दिसंबर 2023 से लेकर नए साल के आठ जनवरी के बीच में 27 चाकूबाजी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। इन चाकूबाजी की घटना में गोबरानवापारा तथा डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो युवकों की मौत तक हो चुकी है। बदमाश इतने बेखौफ हो गए हैं कि वे सरे राह किसी के ऊपर चाकू से हमला कर रहे हैं। गौरतलब है, डीडीनगर थाना क्षेत्र में आपसी रंजिश तथा अड्डेबाजी को लेकर एक गुट के बदमाशों ने दो लड़कों को दौड़ा-दौड़ाकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- चाकूबाजी की घटनाओं पर अंकुश लगाने पुलिस के दावों पर लग रहे प्रश्नचिन्ह

### बदमाशों की निगरानी करने का दावा फेल

गौरतलब है पुलिस जेल से छूटकर आए बदमाशों की सतत निगरानी करने के दावे करती है, पुलिस के इन दावों में कितनी सच्चाई है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। डीडीनगर थाना क्षेत्र में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश महज 15 दिन पूर्व जेल से छूटकर आए थे और दूसरी दफा हत्या की घटना को अंजाम दिया। पुलिस बदमाशों की निगरानी करती, तो हत्या की घटना रोकी जा सकती थी।

### चाकूबाजी में कमी

पुलिस निगरानी बदमाशों के खिलाफ लगातार निरंतर कार्रवाई कर रही है। राजधानी में पिछले वर्ष की तुलना में चाकूबाजी की घटना में कमी आई है। ज्यादातर मामलों में बदमाश चाकू की जगह कैंची, पेंचकस या ब्लेड का इस्तेमाल कर रहे हैं।

- लखन पटले, एएसपी सिटी

### चाकूबाजी की घटना में गई तीन की जान

जिले में चाकूबाजी की घटना में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। पहली घटना एक माह पूर्व अभनपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने बहन के ब्वाय फ्रेंड की चाकूमार कर हत्या करने की सामने आई थी। इसके बाद दूसरी घटना गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में पैसों की लेन-देन के विवाद पर एक युवक ने दूसरे युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। तीसरी घटना रविवार रायपुर की है, बदमाशों ने आपसी रंजिश पर डीडीनगर थाना क्षेत्र में महादेव घाट के पास एक युवक की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया, जबकि मृतक का साथी गंभीर रूप से घायल है।

## मेकाहारा की इमरजेंसी में विवाद, एचओडी ने सीएमओ को मारा धक्का

- सुबह के वक्त हुई घटना सीसीटीवी में कैद, अधीक्षक तक पहुंची शिकायत
- मरीज की जांच के मामले को लेकर सीएमओ से उलझ पड़ीं एचओडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल में संचालित इमरजेंसी में सोमवार सुबह विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। वहां निरीक्षण के लिए पहुंची मेडिसिन विभाग की एचओडी ने ड्यूटी कर रहे सीएमओ को तैश में आकर धक्का मार दिया। एचओडी द्वारा देख लेने की धमकी देने की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। सीएमओ ने मामले की शिकायत चिकित्सा अधीक्षक से की है।

जानकारी के मुताबिक आपात चिकित्सा अधिकारी डा. विनय वर्मा ड्यूटी पर थे। इसी दौरान मेडिसिन विभाग की एचओडी डॉ. देवप्रिया लकरा वहां पहुंचीं और मरीज की जांच के मामले को लेकर सीएमओ से उलझ पड़ीं। घटना के दौरान वहां सुरक्षा गार्ड के साथ अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। चिकित्सा ▶▶|शेष पेज 13 पर

### एचओडी ने दुर्व्यवहार से किया इनकार

दूसरी ओर एचओडी देवप्रिया लकरा द्वारा इस तरह के दुर्व्यवहार से इनकार किया गया है, उन्होंने कहा कि सुबह वे सफाई का निरीक्षण करने गई थीं। मामूली बात थी।

### डीन को प्रेषित करेंगे शिकायत

आपात चिकित्सा अधिकारी द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत की गई थी। इस पर किसी तरह की कार्रवाई का अधिकार मेडिकल कालेज अधिष्ठाता के पास है, उन्हें शिकायत प्रेषित की गई है।

- डॉ. एसबीएस नेताम, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### एक अन्य डाक्टर ने भी की शिकायत

खोखो पारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ चिकित्सा विशेषज्ञ डा. रवि शुक्ला ने व्हाट्स एप ग्रुप में उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की शिकायत दर्ज कराई है। डा. शुक्ला ने बताया है कि ऑफिशियल व्हाट्सएप ग्रुप में एक मोबाइल नंबर के माध्यम से उन पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। उनकी नियुक्ति शासन द्वारा पीएससी के माध्यम से की गई है। इस मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ आईटी एक्ट का मामला पंजीबद्ध करने लिखित में आवेदन पेश किया है।

## रात का तापमान तीन, तो दिन का दो डिग्री ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादल की वजह से रायपुर में रात का तापमान सामान्य से तीन तो दिन का दो डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया जा रहा है। हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से दो दिन में मौसम में बदलाव होने की उम्मीद है। अभी सुबह के वक्त छाने वाली धुंध काफी देर कर अपना असर दिखा रही है।



- दो दिन बाद बदलाव के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक जनवरी का पहला सप्ताह ठंड के इंतजार में बीत चुका है और दूसरे सप्ताह में मौसम थोड़ा बदलने की उम्मीद बन रही है। अभी सुबह के वक्त बाहरी इलाकों में ही अधिक ठंड महसूस हो रही है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादल तथा नमीयुक्त ठंडी हवा रात में ठंडकता का अहसास करा रही है। बादलों की वजह से रात-दिन दोनों का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। छाए बादलों की वजह से मंगलवार को मौसम शुष्क रहने और उत्तर तथा मध्य छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। आज राज्य में नारायणपुर का न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री जगदलपुर का रिकार्ड किया गया है। रायपुर में रात का तापमान 16.6 तथा दिन का 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## छत्तीसगढ़ से 1400 रामभक्त जाएंगे स्पेशल ट्रेन से अयोध्या, भोजन-पानी फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अयोध्या में भगवान राम मंदिर के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ से 4 फरवरी को स्पेशल ट्रेन रवाना होने वाली है। यह ट्रेन 20 कोच के साथ दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। कोच की संख्या के अनुसार राज्य से 1400 रामभक्त इस ट्रेन से अयोध्या जाएंगे। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद अयोध्या जाने वाले यात्रियों की सूची तैयार कर रही है। यात्रा के दौरान ट्रेन में रामभक्तों को निःशुल्क भोजन एवं पानी की व्यवस्था भी की जा रही है, जिसका खर्च टिकट के मूल्य में ही समाहित रहेगा।

### विशेष आईडी मिलेगी यात्रियों को

स्पेशल ट्रेन से रवाना होने यात्रियों को विशेष आईडी दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार यह आईडी ट्रेन से लेकर अयोध्या में भी काम आएगी। बिना आईडी के यात्री इस ट्रेन में सफर नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा अयोध्या में भी यहीं आईडी उनकी पहचान होगी, जिससे वे सिटी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अयोध्या में भी ठहरने-भोजन की व्यवस्था निःशुल्क


रामलला के दर्शन करने छत्तीसगढ़ को मिली स्पेशल ट्रेन

### भोजन-ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था

विहिप के प्रदेश मंत्री घनश्याम चौधरी ने बताया कि स्पेशल ट्रेन से राज्य से जाने वाले रामभक्तों के लिए अयोध्या में ठहरने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की जा रही है। यह व्यवस्था स्थानीय सरकार कर रही है। इसके तहत सभी यात्रियों को सिटी कैंप में ठहराया जाएगा, जहां नाश्ता-भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क होगी।

### 20 कोच, 1400 यात्री ही जा पाएंगे अयोध्या

अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन में 20 कोच लगाए जाने की तैयारी है। प्रत्येक कोच में 70 बर्थ के अनुसार 20 कोच में 1400 यात्री ही अयोध्या जा पाएंगे। विहिप के प्रदेश मंत्री घनश्याम चौधरी ने बताया कि संगठन में दो हजार यात्रियों को अयोध्या ले जाने की तैयारी थी, लेकिन कोच की संख्या कम होने के कारण अब 1400 सौ यात्रियों की ही सूची बनाई जाएगी।

### ट्रेन छूटने के समय को लेकर असमंजस की स्थिति

दुर्ग से अयोध्या के लिए चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेन 4 फरवरी को चलेगी यह कन्फर्म है, लेकिन यह कितने समय छूटेगी, इसे लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विहिप के पदाधिकारी सोमवार को डीआरएम के कुछ अधिकारियों से ट्रेन के शेड्यूल तथा कोच की संख्या, टिकट मूल्य सहित अन्य जानकारी लेने के लिए पहुंचे थे। इस बातचीत के दौरान उन्हें बताया कि ट्रेन 4 फरवरी को चलाई जाएगी, लेकिन दुर्ग स्टेशन से यह कौन से समय में छूटेगी अभी यह क्लीयर नहीं हो पाया है। आगामी एक-दो दिन में यह क्लीयर हो जाएगा। अब तक जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार ट्रेन सुबह 4 बजे या फिर शाम 4 बजे दुर्ग से रवाना होगी।

## 48 घंटे में गंभीर बीमारी से दो मौत, कोरोना संक्रमित भी निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य में 12 मामले दर्ज, 11 रायपुर से संबंधित

गंभीर बीमारी से पीड़ित होकर इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे दो मरीजों की 48 घंटे में मौत हो गई। प्रोटोकाल के हिसाब से जांच के दौरान उन्हें कोरोना संक्रमित पाया गया है। सोमवार को राज्य में 12 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 11 केस रायपुर जिले से संबंधित थे।

मामला गंभीर तो नहीं है, मगर कोरोना संक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब नए केस की तुलना में ज्यादा संक्रमित स्वस्थ हो रहे हैं, जिसकी वजह से एक्टिव केस भी घटने लगा है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर जिले में को-मार्बिडिटी से मृत्यु के दो मामले दर्ज किए गए हैं। दोनों मरीजों को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के लिए भर्ती करने के दौरान उनकी कोविड जांच की गई, तो वे संक्रमित पाए गए थे। दोनों मरीज गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। सोमवार को राज्य में 4625 सैंपलों की जांच हुई, जिसमें 12 लोगों को ▶▶|शेष पेज 13 पर



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### बाजार समिति ने की नए एसडीएम से भेंट



**आरंग।** आरंग के नए अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा से बाजार समिति के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें बाजार समिति के गतिविधियो से अवगत कराया गया। व्यापारी संगठन की ओर से श्रवण अग्रवाल रामधन चंद्राकर, रूप चौधरी, पंकज शुक्ला, राकेश गुप्ता, दिलीप चंद्राकर, सतीश भूतड़ा एवं दीपक सोनी उपस्थित थे।

### ग्राम सांकरा में आज से शिव महापुराण कथा



**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम सांकरा बाजार चौक में 9 से 15 जनवरी तक शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। जिसके कथा वाचक पंडित अशोक कृष्ण शर्मा (सगुनी वाले) है। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक है।

### हाफ मैराथन में नरेंद्र साहू को प्रथम स्थान



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सांकरा निवासी नरेंद्र कुमार साहू ने 7 जनवरी को आयोजित राजनांदगांव के हाफ मैराथन 21 किमी दौड़ में भाग लिया जिसमें 40 प्लस की आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस जीत पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### स्कूल जनभागीदारी समिति ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विकास एवं जनभागीदारी समिति शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 टिकरापारा के अध्यक्ष दयाराम मेंढे ने सोमवार को स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान शाला में कॉमर्स विषय के साथ कला, विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय की सुविधा की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस विषयों के अध्ययन के लिए आवश्यक शिक्षकों की व्यवस्था कराने तथा टिकरापारा के आसपास लगे क्षेत्र के गरीब, मजदूर, मध्यमवर्गीय निवासियों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल खोलने का प्रयास करने की भी मांग की है। जिस पर मंत्री ने दोनों मांगों को स्वीकृत कर प्रारंभ करने का भरोसा दिया। ज्ञापन देने वालों में स्कूल के स्टॉफ और अन्य लोग शामिल थे।

### प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं लाख रुपए में बताएं- रेरा

**रायपुर।** रियल एस्टेट रेग्युलारिटी अथारिटी (रेरा) ने एक आदेश जारी कर कहा है कि प्रमोटर्स अपने प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं, लाख रूपए में दर्शाएं। बताया गया है कि रेरा प्राधिकरण द्वारा गठित विभिन्न हितधारकों की संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों के माध्यम से प्राधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि प्रमोमोटर्स द्वारा इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) के दस्तावेज में प्रमाणपत्र की तालिका-एबीसी में प्रोजेक्ट की लागत को रुपये में दर्शाया जाता है, जबकि एनेक्चर-5 में सीए द्वारा जारी प्रमाणपत्र में लाख रुपये में दर्शाया जाता है। इस संबंध में समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों से सहमत होते हुये भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-37 में प्रदत्त शक्तियों प्रयोग करते हुए यह निर्देश जारी किया किया गया है कि प्रमोटर्स को इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) में भी लागत राशि को लाख रुपये में दर्शाना होगा।

### बिरगांव-उरकुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर निगम बिरगांव क्षेत्र के उरकुरा और बिरगांव में शिविर का आयोजन किया गया। उरकुरा में सांसद सुनील सोनी और बीरगांव में महापौर नंदलाल देवांगन शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 320, प्रधानमंत्री स्वनिधि के 70, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 357, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 409 आवेदन प्राप्त किए।

# परमात्मा प्राप्ति का एकमात्र साधन है गुरु की भक्ति : कृष्णानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

### आश्रम गौरखेड़ा की सत्संग सभा में शबरी की तपस्या और गुरु भक्ति की चर्चा



सद्गुरु धाम आश्रम गौरखेड़ा में चल रहे सत्संग में बद्रीनाथ धाम से पधारे सिद्ध योगी सद्गुरु स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज ने अपने दिव्य आशीर्वचन में मां शबरी के तप ,त्याग ,श्रद्धा गुरु के प्रति सच्ची निष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा ,कि श्री राम की आने व परमात्मा के प्रतीक्षा 60 वर्ष की और भगवान श्री राम, परमात्मा प्रत्यक्ष दर्शन की प्रतीक्षा फलित हुई तथा स्वामी जी ने कहा भगवान दर्शन कर इस सृष्टि में गुरु शिष्य परंपरा के गुरु के वचनों पर चलकर परमात्मा को प्राप्त कर लेने का यह प्रत्यक्ष उदाहरण है।

स्वामी जी ने कहा हमारी भविष्यवाणी है आने वाले 50 वर्षों में पूरे ब्रह्मांड में सत्य सनातन धर्म की स्थापना होगी जब तक सूर्य चंद्रमा रहेगा तब तक ब्रह्मांड में सनातन धर्म रहेगा सनातन का अर्थ पंथ, संप्रदाय नहीं चाल चरित्र चिंतन की धनी आत्मा मोक्ष व जगत हित में अपने तन मन को आपूर्ति कर देना है। वाला नर सेवा नारायण सेवा है गुरु ने कहा पूरे वेद शास्त्र उठा लो कहीं भी उच नीच का भेदभाव नहीं मिलेगा आप रामायण देख ले भगवान निखाद राज को भारत समान भाई तो, वही मां शबरी को मां के शब्द से संबोधित किये है तथा मैं भी आपको एक सूत्र देता हूं जात पात से नाता तोड़ो भाई से भाई का रिश्ता जोड़ो । सदविप्र समाज सेवा के उप संगठक आचार्य संतोष शर्मा ने जानकारी प्रदान की सदगुरुदेव जी द्वारा संस्थापित संस्था सदवइप्र समाज सेवा व सदगुरु कबीर सेना , अपनी सभ्यता संस्कृति को पुनः स्थापित करने पर युवा वर्ग में धर्म के प्रति जागृति हेतु स्थापित किए हैं । श्री गुरुदेव जी 9 जनवरी को पुरी के लिए प्रस्थान करेंगे उक्त कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रवण लाभ प्राप्त किया।

### हसदेव अरण्य में जंगल कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, खदान निरस्त हो : कांग्रेस

# हसदेव पर सियासत, पेड़ों की कटाई पर भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर







हसदेव अरण्य क्षेत्र में जंगलों में पेड़ों की कटाई को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता, भाजपा सरकार बनते ही तेजी से कट रहे हसदेव अरण्य के जंगलों पर अपना स्टैंड क्लीयर करें।

वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हसदेव में जंगलों को सफाचट मैदान में बदलने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव जनता को जवाब दें। आखिरकार राहुल गांधी, अशोक गहलोत और इन दोनों कांग्रेस नेताओं के बीच क्या डील हुई कि तत्काल जंगल कटाई के लिए अनुमति दे दी गई। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के संरक्षण में अडानी की कंपनी हसदेव अरण्य में जंगलों की कटाई कर रहा है। हसदेव को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे आदिवासियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल में बंद कर रही है। दुर्भाग्य की बात है राज्य का मुखिया आदिवासी होने के बावजूद भी आदिवासियों की मांग को सुना नहीं जा रहा है। वनमंत्री केदार कश्यप को फाइल देखने की आवश्यकता नहीं है, कांग्रेस की सरकार ने विधानसभा में संकल्प पारित कर हसदेव अरण्य क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा कोल खनन के लिए जो नीलामी की गई है, उसे निरस्त करने की मांग की गई है। कांग्रेस के सरकार ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में वन कटाई पर कड़ाई से रोक लगाई थी।

#### पेड़ों की कटाई पर जवाब दें भूपेश, सिंहदेव : सौरभ

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सौरभ सिंह ने कहा, जब सिंहदेव उपमुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब कहा करते थे कि हसदेव के जंगल को बचाने के लिए लाठी गोली खाने तैयार हैं। यदि गोली चली, तो पहली गोली अपने सीने पर झेलेंगे। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहा करते थे कि पेड़ तो क्या एक डंगाल तक नहीं कटेगी। फिर अचानक क्या हुआ राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सिंहदेव के बीच कौन सी संधि हो गई कि जंगल कटाई की इजाजत दे दी और सिंहदेव ने अपने मुंह पर ताला लगा दिया। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कि आखिर कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ यह धोखेबाजी क्यों की।

#### जंगल कटाई की अनुमति की करेंगे समीक्षा

भाजपा संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा कि कांग्रेस दो मुंही राजनीतिक की आदी है। सत्ता में रहते हुए खुद जंगल कटवाती है और विपक्ष में होने पर हल्ला मचाती है। हसदेव के जंगल काटने की अनुमति भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार ने दी है। हम तो भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता पर अकारण थोपा गया एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज पटा ही रहे हैं। भूपेश सरकार द्वारा दी गई जंगल कटाई की अनुमति की भी समीक्षा करके जनहित में निर्णय लेंगे।

# विकसित भारत यात्रा शिविर में लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सलोनी पहुंची। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू, जिपं.सीईओ विश्वदीप सिंह तथा जनपद सीईओ राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, जनपद सदस्य सूरज साहू एवं सरपंच ईशुप्रसाद नारंग उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत सलौनी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, पंचायत एवं मनरेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उद्यानिकी सभी विभागों का स्टाल लगाया गया था।

शिविर में विधायक श्री साहू द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, उज्जवला योजना, आवास योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुषमान कार्ड योजना एवं अन्य सभी विभागों से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को दिया गया साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 2047 तक भारत देश को विकसित भारत बनाने हेतु संकल्प लिया।

### पीपला ने मृत बंदर का किया अंतिम संस्कार

**आरंग।** सोमवार को नेताजी चौक आरंग में एक बंदर की बिजली तार के चपेट में आने से मौत हो गया। वहीं मरने के पश्चात उनका शव नाली में गिर गया। जिसे पीपला फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य रमेश देवांगन व चुमेश्वर देवांगन ने महिलाओं के साथ मिलकर विधि विधान से अंतिम संस्कार किया। वहीं रमेश देवांगन का कहना आरंग मंदिरों व धार्मिक नगरी के नाम से जाना जाता है। यहां गली–गली में बजरंगबली का मंदिर है। बंदरों में वह भी बजरंग बली का रूप देखते हैं। इसलिए उन तक जानकारी पहुंचने पर पहुंच मृत बंदरों का अंतिम संस्कार करते हैं। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी रमेश देवांगन कई मृत बंदरों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं। वहीं फाउंडेशन के सदस्यों ने रमेश देवांगन की इस पहल की उन्मुक्त कंठ से सराहना करते हुए बंदर के मृत्यु पर संवेदना व्यक्त किए हैं।

# अवैध शराब जब्त, 78 कोचिए भेजे गए जेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा।

- अवैध प्लाटिंग पर राजस्व विभाग की कार्रवाई, दो जगहों पर निर्माण को ढहाया

विधानसभा क्षेत्र के तीन थानों अंतर्गत पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध शराब जब्त कर 78 कोचियों को जेल भेज दिया है। दो कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग पर तहसीलदार ने कार्रवाई की है।

क्षेत्र में चल रहे अवैध कारोबार और अवैध प्लाटिंग को लेकर विधायक अनुज शर्मा के निर्देश के बाद पुलिस व राजस्व विभाग ने कार्रवाई की है। पुलिस ने जगह-जगह अभियान चलाकर शराब कोचियों से अवैध शराब पकड़ी। इसके बाद विभिन्न धाराओं के तहत कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। सड़क किनारे कृषि भूमि पर अवैध रुप से हो रही प्लाटिंग पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए बने हुए निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया है। साथ ही पूरे क्षेत्र की रिपोर्ट पटवारियों से मांगी गई है।

#### कार्रवाई जारी रहेगी

सड़क किनारे कृषि भूमि पर कुछ बिल्डरों ने अवैध रूप से प्लाटिंग की थी, जिसे जेसीबी से ढहा दिया गया है। साथ ही पटवारियों से पूरे क्षेत्र की रिपोर्ट मंगवा रहे हैं।

-बाबूलाल कुर्रे, तहसीलदार धरसींवा

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में आहूत बैठक में फैसला किया गया, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाया जाएगा।

श्री मूणत ने कहा, आने वाले दिनों में बहुत से कार्यक्रम जो संगठन से जुड़े हैं, उसमें हम सभी को अपनी पूर्ण सहभागिता देनी है, क्योंकि हमने चुनाव जीता जरूर है, परंतु लक्ष्य अभी अधूरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। पश्चिम विधानसभा के 268 बूथों में से ग्यारह बूथों पर हम विपक्षियों से पिछड़ गए हैं, हम सभी को मिलकर उसका मंथन कर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत बूथों पर बढ़त लाकर नया मील का पत्थर स्थापित करना है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। हम सभी को इस अवसर को बेहद विशेष बनाना है। हर हिंदू परिवार को इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। रायपुर पश्चिम के सभी 20 वार्डों में 17 से लेकर 19 जनवरी तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। चारों मंडल के प्रमुख 4 स्थानों पर मंदिर के उद्घाटन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी 268 बूथों पर झंडा वंदन का कार्यक्रम भी तय है। बैठक में जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, गोवर्धन खंडेलवाल, मीनल चौबे, चन्नी वर्मा, अशोक पांडे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आशु चंद्रवंशी, अनिल सोनकर, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीनिवास राव, गोविंदा गुप्ता, गोपी साहू , महेश बैस, स्त्यम दुवा, बजरंग खंडेलवाल, वंदना राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विज्ञान महाविद्यालय के रसायन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महाविद्यालय परिसर में घास की कटाई, पेड़ों की छंटाई के साथ हटाया कचरा

शासकीय नागार्जुन महाविद्यालय रायपुर के रसायन विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरुआत महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई करके की गई। यह अभियान केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई गांधी के सपनों को साकार करने के लिए विश्व की सबसे बड़ी सफाई मुहिम के तहत चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पीसी चौबे के सफल मार्गदर्शन में रसायन विभाग के प्रमुख डॉ. अरुण मिश्र के निर्देशन में रसायन एमएससी स्नातकोत्तर सेमेस्टर 1 तथा सेमेस्टर-3 के छात्रों द्वारा चलाया गया। छात्रों द्वारा रसायन विभाग से जुड़े हुए प्रांगण तथा गार्डन की घास की कटाई, पेड़ों की छंटाई, प्लास्टिक पन्नी डिस्पोज़ल, सूखे पत्तों का कचरा इत्यादि को हटकर साफ किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम का सफल संचालन केमिकल काउन्सल के प्रभारी डॉ अर्चना आसटकर तथा डॉ मितिश बैद द्वारा किया गया। इस अवसर पर रसायन विभाग से समस्त वरिष्ठ प्राध्यापक, एस के पटले, डॉ संजय घोष तथा डॉ परेशचंद्र शर्माने सक्रिय भागीदरी दी। रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनोद जेना, डॉ. रवि बंजारे, डॉ. सरोज शर्मा, डॉ. वर्ष चंद्राकार, डॉ. मिथिलेश गुप्ता तथा डॉ. छाया भट्ट भी इसमें श्रमदान कर सम्मिलित हुए। रसायन विभाग के प्रयोगशाला तकनीकिशियन मोहित ध्रुव, नरोत्तम कश्यप तथा प्रयोगशाला परिचारक सुरेन्द्र देवांगन, शेष रजक और दुर्गा चौहान ने भी स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। इस अभियान में रसायन एमएससी स्नातकोत्तर सेमेस्टर 1 तथा सेमेस्टर 3 के लगभग 40 विद्यार्थी के साथ महाविद्यालय के रसायन विभाग से समस्त प्राध्यापक तथा कर्मचारियों सहित कुल 55 लोग सम्मिलित हुए।

### समारोह पेंशन अदायगी आदेश व अन्य दस्तावेज सौंपा गया

# सेवानिवृत्ति पर व्याख्याता नंदकुमार को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री रामलाल चन्द्राकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में कार्यरत व्याख्याता नंदकुमार बांधे अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने के पश्चात उनके सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. देवलाल साहू ने बिदाई के दिन ही उन्हे पेंशन आदायगी आदेश, जी.पी.एफ. अंतिम भुगतान का आदेश, अर्जित अवकाश नगदीकरण भुगतान संबंधी आदेश एवं सातवां वेतनमान के अंतिम किस्त की भुगतान संबंधी प्रपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि धनाजीक चन्द्राकर, पंच भावसिंह वर्मा, शाला प्रबंधक विकास समिति के निवृत्तमान अध्यक्ष हिरेश चन्द्राकर सदस्य कमलनारायण चन्द्राकर, होरीलाल, कृष्णकुमार, रामानुज चंद्राकर, व्याख्याता सुनीता वर्मा, केदार साहू, गीता भगत, संगीता पैकरा, गीतांजली अवस्थी, सुनीता मद्रे, जयश्री दिलीप यादव, डॉ. माधवी गुप्ता, गीता भगत, अनिता साहू, तीज चंदेल, सरिता तिवारी, अनिता कड़वे, डॉ. जितेन्द्र कुमार शर्मा, व्यायाम शिक्षक ज्ञानचंद साहू, ऋतंभरा चंद्राकर, इन्द्र कुमार कोसले, डिगेश्वर देवांगन, रश्मि शुक्ला, विनीता देव, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक विजय कुमार वर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला मालीडीह के प्रधान पाठक अनिमा एक्का, रविकांत यादव, चद्रिरका प्रसाद चेलक, संकुल समन्वयक योगेश कुमार साहू, भूतपूर्व छात्र–छात्राएं नितिश कुमार साहू, सूरज साहू, अजय कुमार यादव, देवराज कनौजे, प्रशांत, कमलनारायण, मानसी डहरिया, गरिमा चंद्राकर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता पंचराम साहू एवं गीतांजली अवस्थी ने किया।

# संसार के कल्याण के लिए भगवान श्री लेते हैं अवतार : भोला गोस्वामी

- ग्राम माठ में श्रीमद भागवत कथा जारी, बड़ी संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लाक के ग्राम पंचायत माठ में श्रीमद भागवत कथा का रसपान करते हुऐ आचार्य भोला गोस्वामी जी कहते हैं की संसार का कल्याण करने के लिए भगवान का अवतार होता है कृष्ण का जन्म भाद्रा मास में कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र के दिन रात 12 बजे मथुरा के कारागार में वसुदेव के पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान कृष्ण का जन्म लिया महाराज भोला गोस्वामी प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने जेल में वासुदेव के यहां अवतार लेकर संतों भक्तों का सम्मान बढ़ाया उन्होंने अपने अंदर बुराई को खत्म करने व



संतो का सत्संग व श्री कृष्ण को तब समझोगे जब भक्ति में लीन रहना होगा । कथा का रसपान करने पहुंचे पुर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा ने कथा का रसपान किया छाया वर्मा ने कहा कि मैं आयोजक समिति का आभार करती हु मुझे कथा में रसपान करने का आमंत्रण किया और मुझे कथा का आनन्द मिला जिसमें सदस्य गण मदन पाल राजु वर्मा कामेश पाल तुलराम वर्मा बलदाऊ निर्मलकर धन्नु वर्मा नंदकिशोर पाल राजू पाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं लाख रुपए में बताएं- रेरा

**रायपुर।** रियल एस्टेट रेग्युलारिटी अथारिटी (रेरा) ने एक आदेश जारी कर कहा है कि प्रमोटर्स अपने प्रोजेक्ट की लागत रुपयों में नहीं, लाख रूपए में दर्शाएं। बताया गया है कि रेरा प्राधिकरण द्वारा गठित विभिन्न हितधारकों की संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों के माध्यम से प्राधिकरण के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि प्रमोमोटर्स द्वारा इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) के दस्तावेज में प्रमाणपत्र की तालिका-एबीसी में प्रोजेक्ट की लागत को रुपये में दर्शाया जाता है, जबकि एनेक्चर-5 में सीए द्वारा जारी प्रमाणपत्र में लाख रुपये में दर्शाया जाता है। इस संबंध में समिति द्वारा प्रस्तुत सुझावों से सहमत होते हुये भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 की धारा-37 में प्रदत्त शक्तियों प्रयोग करते हुए यह निर्देश जारी किया किया गया है कि प्रमोटर्स को इंजीनियर प्रमाणपत्र (एनेक्चर-4) में भी लागत राशि को लाख रुपये में दर्शाना होगा।

### बिरगांव-उरकुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर



**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर निगम बिरगांव क्षेत्र के उरकुरा और बिरगांव में शिविर का आयोजन किया गया। उरकुरा में सांसद सुनील सोनी और बीरगांव में महापौर नंदलाल देवांगन शामिल हुए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 320, प्रधानमंत्री स्वनिधि के 70, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 357, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 409 आवेदन प्राप्त किए। साथ ही आधार कैंप में 125 प्रधानमंत्री आयुष्मान 194 पंजीयन कराया। इस दौरान 650 लोगों का स्वास्थ्य सिकल एवं टीबी सुगर बीपी परीक्षण किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने अपनी जुबानी सफलता की कहानी भी सुनाई गई। इस दौरान 75 लोगों ने क्विज में भी हिस्सा लिया।

### विकास का एकमात्र मूलमंत्र है शिक्षा



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने नागपुर स्थित ऐतिहासिक दीक्षाभूमि में जाकर संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन चरित्र पर आधारित प्रदर्शित फोटो-चित्र करीब से देखे और उनके संघर्ष को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी इस स्थल पर पहुंचे थे। स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता श्री नायक ने कहा, बाबा साहब के बताए अनुसार शिक्षा ही एकमात्र विकास का मूलमंत्र है। बच्चे बाबा साहब के जीवन संघर्ष को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ें और अपने भविष्य को सुनहरा बनाएं।

### सड्डू बीएसयूपी कालोनी में पहली रजिस्ट्री

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के अंतर्गत बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी वृन्दावन में ब्लॉक नंबर 5 के मकान नंबर 6 के रहवासी मकान मालिक पुष्पा मार्कण्डेय के नाम से पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी। जोन 9 के सहायक राजस्व अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सड्डू बीएसयूपी कॉलोनी में पहली रजिस्ट्री दर्ज की गयी है, जो कि पुष्पा मार्कण्डेय के नाम से है। राजस्व विभाग ने केंद्र प्रवर्तित बीएसयूपी योजनाओं की सभी आवासीय कॉलोनियों के रहवासी मकान मालिकों से जल्द मकानों की संपूर्ण किस्त राशि का एकमुश्त भुगतान करके अपने मकान की रजिस्ट्री करवाने अनुरोध किया है। ऐसा करने पर बीएसयूपी आवासीय कॉलोनियों के रहवासी मकान मालिकों को बड़ी राहत मकानों की रजिस्ट्री के सौगात सहित मिल सकेगी।

# 11 को प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक लेंगे प्रदेश प्रभारी पायलट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 11 जनवरी को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। अपने दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों से रूबरू होंगे। उसी दिन दोपहर 3 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रखी गई है। बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी, आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा की जायेगी।

कार्यकारिणी की बैठक में संगठन में रिक्त पदों पर नई नियुक्ति सहित कई मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के संबंध में भी विधायकों और प्रत्याशियों से चर्चा किए जाने की संभावना है। विधानसभा चुनाव में हार के कारणों के जानने के बाद आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में समस्त एआईसीसी सदस्य, विधायक, प्रत्याशियों, जिला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता विशेषरूप से उपस्थित रहेंगे।

**संगठन में होगी नई नियुक्ति :** प्रदेश संगठन में प्रदेश महामंत्री और मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के तीन से चार पदों पर नियुक्ति नए प्रभारी की अनुमति से पीसीसी द्वारा की जाएगी। बताया जाता है कि प्रदेश संगठन में महासचिव के तीन-चार पद पहले से रिक्त हैं। साथ ही प्रदेश उपाध्यक्ष और मोर्चा-प्रकोष्ठ के कुछ पदों पर नियुक्ति होगी।

## भारत जोड़ों न्याय यात्रा और लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा



### चुनाव के लिए पार्टी को खड़ा करना बड़ी चुनौती

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को छत्तीसगढ़ कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने के बाद उनका यह पहला प्रदेश दौरा होगा। पायलट की नियुक्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में नए सिरे से फेरबदल किया जा सकता है। आगामी लोकसभा चुनाव के पहले इसे पूरा कर लिया जाएगा। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों को बदला जा सकता है। जिला कांग्रेस के उन अध्यक्षों को भी हटाया जा सकता है, जहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस की अंतर्कलह खुलकर सामने आई है। ऐसे में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी को खड़ा करना नए प्रदेश प्रभारी के लिए पहली चुनौती होगी।

## राज्य सरकार ने किसानों को 25 दिसंबर को बांटा था धान का बोनस

# कोई गुजर चुका, किसी का खाता बंद-आधार लिंक नहीं, ऐसे सैकड़ों किसानों के खातों में नहीं पहुंचा 2 साल का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में 25 दिसंबर को किसानों को वर्ष 2014 एवं 2015 का धान बोनस की राशि वितरण किया गया था। यह राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई थी। जिन किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर की गई है, उनमें ऐसे कई किसान भी थे, जिनके बैंक खाते लेनदेन नहीं होने या मृत्यु होने के कारण बंद हो चुके हैं, वहीं कइयों के खाते आधार से लिंक नहीं हो पाए हैं। बोनस राशि नहीं मिलने के कारण ये किसान अब धान खरीदी सोसाइटियों, तहसीलदारों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। हालांकि शासन के निर्देश पर प्रशासन ने ऐसे पात्र किसानों को दोबारा राशि ट्रांसफर करने का फरमान जारी किया है। इसके लिए छूटे किसानों का फिर से सत्यापन कराया जा रहा है। इसके लिए तहसीलदारों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। तहसीलदार किसानों का पंजीयन, मृत्यु प्रमाणपत्र, सदस्यों का सहमति पत्र से लेकर उनके खातों व आधार का सत्यापन कर रहे हैं।

**केस 1**

### 412 में 128 किसानों को नहीं मिला बोनस

सेजबहार-बोरियाकला धान सोसाइटी क्षेत्र के 412 किसानों के खातों में कुल एक करोड़ 23 लाख 77 हजार 880 रुपए की राशि ट्रांसफर की गई थी। इनमें से 128 किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर नहीं हुई है। जिन किसानों को राशि ट्रांसफर नहीं हो पाई है, उनमें कई किसानों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कइयों के खाते बंद एवं आधार से लिंक नहीं है।



**केस 2**

### 150 किसानों के खातों में नहीं पहुंची राशि

खिलौरा-खोरपा सोसाइटी क्षेत्र के 150 किसानों के खातों में धान बोनस की राशि ट्रांसफर नहीं हो पाई है। इन किसानों में भी कईयों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कइयों के खाते बंद हैं।

**केस 3**

### 306 में 106 किसानों को नहीं मिली बोनस राशि

ग्राम दतरेंगा सोसाइटी क्षेत्र के 306 किसानों के खातों में बोनस राशि ट्रांसफर की गई है। इनमें से 106 किसानों को बोनस राशि नहीं मिल पाई है, क्योंकि इनमें भी कई किसान की मृत्यु हो चुकी है, जबकि कइयों के खातें बंद या आधार से लिंक नहीं है।

### पुरानी सूची का सत्यापन किए बिना कर दी राशि ट्रांसफर

*पुरानी पंजीकृत सूची के अनुसार किसानों के खातों में राशि ट्रांसफर की गई है। इसके कारण कई किसानों को बोनस नहीं मिल पाया है।*

*- विजय ठाकुर*
*अध्यक्ष*
*सेजबहार-बोरियाकला धान सोसाइटी*

### 264 करोड़ 79 लाख 45 हजार बोनस राशि बांटी गई

रायपुर जिले के खरीफ वर्ष 2014-15 और 2015-16 की धान बोनस की अटकी राशि किसानों को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के दिन 25 दिसंबर को बांटी गई थी। इस दिन लगभग 264 करोड़ 79 लाख 45 हजार रुपए की राशि सीधे जिले के किसानों के खातों में ट्रांसफर कराई गई थी, लेकिन यह राशि कई सोसाइटी क्षेत्र के किसानों के खातों में पहुंच नहीं पाई है।

### बिना सत्यापन पुरानी सूची के आधार पर कर दी गई राशि ट्रांसफर

खरीफ वर्ष 2014 और वर्ष 2015 में किसानों को धान बोनस नहीं दिया गया था। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही दो साल का पुराना बोनस किसानों को देने का निर्णय लिया। इसके लिए किसानों के नाम की सूची भी तैयार की गई, लेकिन जानकर हैरानी होगी कि इस सूची में वर्ष 2014 और 2015 में पंजीकृत उन सभी किसानों के नाम जोड़े गए हैं, जिन्हें बोनस की राशि मिलनी थी। सूची तैयार करने से पहले किसान जीवित है या नहीं, मृत्यु हो चुकी है, तो मृत किसान ने किसे नॉमिनी बनाया है। खाता चालू है कि नहीं, चालू है तो दुरुस्त है या नहीं, इसका कोई सत्यापन नहीं किया गया है। इस कारण से कई किसानों के खातों में ट्रांसफर होने के बाद भी राशि पहुंच नहीं पाई है।

### अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, सत्यसाईं हास्पिटल लगाएगा चिकित्सा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने आने वाले आंगतुकों को सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल द्वारा स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिविर के माध्यम से लोगों को हृदय संबंधित विशेष के साथ सामान्य सेवाएं भी प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिविर में शामिल होने के लिए 11 जनवरी को पहली टीम नवा रायपुर से रवाना होगी। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश-विदेश से श्रद्धालु शामिल होने पहुंचेंगे। अयोध्या में जुटने वाली भीड़ और जनवरी फरवरी की ठंड को देखते हुए वहां सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर का इंतजाम किया जा रहा है। शिविर में देशभर के सत्यसाईं हास्पिटल के चिकित्सक, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ अपनी सेवा देंगे। शिविर की तैयारियों को लेकर नवा रायपुर सत्यसाईं हास्पिटल की टीम पिछले दिनों अयोध्या गई थी। भगवान राम के ननिहाल माने जाने वाले छत्तीसगढ़ में मौजूद सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल का पहला चिकित्सकीय दल 11 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगा। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जुटने वाली भीड़ के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय द्वारा श्री सत्यसाईं संजीवनी स्वास्थ्य और शिक्षा ट्रस्ट बेंगलुरु के अध्यक्ष सी. श्रीनिवास से 15 जनवरी से फरवरी अंत तक तीर्थयात्रियों को चिकित्सा सेवा प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

# नए विधायकों को ऑनलाइन सवाल पूछने का सिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- विधानसभा में दिया गया प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों को आगामी बजट सत्र के दौरान पूछे जाने वाले सवालों की सूचनाएं, ऑनलाइन सवाल पूछने का हुनर सिखाया गया। विधानसभा स्थित मुख्य समिति कक्ष में सोमवार को एनआईसी के सहयोग से विधायकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधायकों को ऑनलाइन सवाल प्रस्तुत करने सैद्धांतिक और व्यावहारिक विषयों पर पूरी जानकारी दी गई। नवनिर्वाचित विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम इस ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुए। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि नवनिर्वाचित विधायकों की सुविधा के लिए विधानसभा सचिवालय की पेपरलेस कार्यप्रणाली, पर्यावरणीय महत्व के इस कदम को षष्ठम विधानसभा में भी अनवरत जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के अतिरिक्त विधायकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन प्रश्नों की सूचनाएं प्रस्तुत करने विधानसभा की वेबसाइट पर संपूर्ण प्रक्रिया की पूरी जानकारी पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन वीडियो, सरल शब्दों में एक पृथक संक्षिप्त वीडियो, दिशा-निर्देश एवं एक हेल्प मैनुअल भी उपलब्ध कराया गया है।

विधायक सरलता से अपने विधानसभा क्षेत्र या गृह स्थान से ही निर्धारित तिथि एवं समय पर बिना रायपुर विधानसभा आए ऑनलाइन अपने प्रश्नों को प्रस्तुत कर सकते हैं।

# गृहमंत्री शर्मा बोले - अपराध नियंत्रित करने समस्या को जड़ से खत्म करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- राजधानी में हत्या सहित लगातार घट रही अपराधिक घटानाओं को लेकर गृहमंत्री ने बयान जारी किया

राजधानी में पिछले कुछ समय से घट रही अपराधिक घटनाएं जिसमें हत्या जैसी वारदात शामिल है, इसे लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने बयान जारी कर कहा है कि अपराधिक घटनाएं घटित होने का मूल कारण सूखा नशा तथा अवैध शराब है। गृहमंत्री ने अपराध रोकने उसके मूल को पहले समाप्त करने की बात कही।

गृहमंत्री ने अपने बयान में हत्या सहित अन्य अपराधों की जांच जारी है। पुलिस को जल्द ही जांच पूरी करने के निर्देश देने की बात गृहमंत्री ने कही है। गृहमंत्री के मुताबिक पुलिस को पूरी ताकत के साथ शराब तथा गांजा सहित अन्य सूखा नशा की अवैध बिक्री रोकने के लिए कहा गया है। गृहमंत्री के मुताबिक रायपुर के दो अलग-अलग मैप तैयार किए गए हैं, जहां शराब तथा गांजा का अवैध कारोबार ज्यादा हुआ है। गृहमंत्री के मुताबिक अपराध पर अंकुश लगाने सबसे पहले सूखा नशा तथा शराब की अवैध बिक्री को रोकना होगा, तभी अपराध पर अंकुश लगेगा।

# मूणत बोले- रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- चारों मंडलों में बड़ी स्क्रीन पर होगा अयोध्या के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में आहूत बैठक में फैसला किया गया, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पश्चिम विधानसभा में पर्व की तरह मनाया जाएगा।

श्री मूणत ने कहा, आने वाले दिनों में बहुत से कार्यक्रम जो संगठन से जुड़े हैं, उसमें हम सभी को अपनी पूर्ण सहभागिता देनी है, क्योंकि हमने चुनाव जीता जरूर है, परंतु लक्ष्य अभी अधूरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। पश्चिम विधानसभा के 268 बूथों में से ग्यारह बूथों पर हम विपक्षियों से पिछड़ गए हैं, हम सभी को मिलकर उसका मंथन कर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत बूथों पर बढ़त लाकर नया मील का पत्थर स्थापित करना है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। हम सभी को इस अवसर को बेहद विशेष बनाना है। हर हिंदू परिवार को इस पर्व से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। रायपुर पश्चिम के सभी 20 वार्डों में 17 से लेकर 19 जनवरी तक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। चारों मंडल के प्रमुख 4 स्थानों पर मंदिर के उद्घाटन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से दिखाया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सभी 268 बूथों पर झंडा वंदन का कार्यक्रम भी तय है। बैठक में जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, गोवर्धन खंडेलवाल, मीनल चौबे, चन्नी वर्मा, अशोक पांडे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, आशु चंद्रवंशी, अनिल सोनकर, भूपेंद्र ठाकुर, श्रीनिवास राव, गोविंदा गुप्ता, गोपी साहू , महेश बैस, स्त्यम दुवा, बजरंग खंडेलवाल, वंदना राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हसदेव अरण्य में जंगल कटाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, खदान निरस्त हो : कांग्रेस

# हसदेव पर सियासत, पेड़ों की कटाई पर भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





हसदेव अरण्य क्षेत्र में जंगलों में पेड़ों की कटाई को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने एक दूसरे से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, आदिवासी हितैषी होने का ढोंग करने वाले भारतीय जनता पार्टी के नेता, भाजपा सरकार बनते ही तेजी से कट रहे हसदेव अरण्य के जंगलों पर अपना स्टैंड क्लीयर करें।

वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हसदेव में जंगलों को सफाचट मैदान में बदलने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव जनता को जवाब दें। आखिरकार राहुल गांधी, अशोक गहलोत और इन दोनों कांग्रेस नेताओं के बीच क्या डील हुई कि तत्काल जंगल कटाई के लिए अनुमति दे दी गई। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के संरक्षण में अडानी की कंपनी हसदेव अरण्य में जंगलों की कटाई कर रहा है। हसदेव को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे आदिवासियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल में बंद कर रही है। दुर्भाग्य की बात है राज्य का मुखिया आदिवासी होने के बावजूद भी आदिवासियों की मांग को सुना नहीं जा रहा है। वनमंत्री केदार कश्यप को फाइल देखने की आवश्यकता नहीं है, कांग्रेस की सरकार ने विधानसभा में संकल्प पारित कर हसदेव अरण्य क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा कोल खनन के लिए जो नीलामी की गई है, उसे निरस्त करने की मांग की गई है। कांग्रेस के सरकार ने हसदेव अरण्य क्षेत्र में वन कटाई पर कड़ाई से रोक लगाई थी।

### पेड़ों की कटाई पर जवाब दें भूपेश, सिंहदेव : सौरभ

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सौरभ सिंह ने कहा, जब सिंहदेव उपमुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब कहा करते थे कि हसदेव के जंगल को बचाने के लिए लाठी गोली खाने तैयार हैं। यदि गोली चली, तो पहली गोली अपने सीने पर झेलेंगे। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कहा करते थे कि पेड़ तो क्या एक डंगाल तक नहीं कटेगी। फिर अचानक क्या हुआ राहुल गांधी, सोनिया गांधी, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, सिंहदेव के बीच कौन सी संधि हो गई कि जंगल कटाई की इजाजत दे दी और सिंहदेव ने अपने मुंह पर ताला लगा दिया। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कि आखिर कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ यह धोखेबाजी क्यों की।

### जंगल कटाई की अनुमति की करेंगे समीक्षा

भाजपा संभाग प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा कि कांग्रेस दो मुंही राजनीतिक की आदी है। सत्ता में रहते हुए खुद जंगल कटवाती है और विपक्ष में होने पर हल्ला मचाती है। हसदेव के जंगल काटने की अनुमति भाजपा नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार ने दी है। हम तो भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता पर अकारण थोपा गया एक लाख करोड़ रुपये का कर्ज पटा ही रहे हैं। भूपेश सरकार द्वारा दी गई जंगल कटाई की अनुमति की भी समीक्षा करके जनहित में निर्णय लेंगे।

### स्कूल जनभागीदारी समिति ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला विकास एवं जनभागीदारी समिति शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 टिकरापारा के अध्यक्ष दयाराम मेंढे ने सोमवार को स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान शाला में कॉमर्स विषय के साथ कला, विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय की सुविधा की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। साथ ही इस विषयों के अध्ययन के लिए आवश्यक शिक्षकों की व्यवस्था कराने तथा टिकरापारा के आसपास लगे क्षेत्र के गरीब, मजदूर, मध्यमवर्गीय निवासियों को बेहतर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल खोलने का प्रयास करने की भी मांग की है। जिस पर मंत्री ने दोनों मांगों को स्वीकृत कर प्रारंभ करने का भरोसा दिया। ज्ञापन देने वालों में स्कूल के स्टॉफ और अन्य लोग शामिल थे।



## खबर संक्षेप



### प्रदेश के साहित्यकारों का सम्मान

रायपुर। प्रदेश के साहित्यकारों का कविता चौराहे पर साहित्यिक मंच द्वारा सम्मान किया गया। अपने 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो सत्रों में साहित्यिक गोष्ठी, कविता पोस्टर प्रदर्शनी एवं कविता पाठ किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर प्रथम सत्र में एक गोष्ठी आयोजित कर इसमें विभिन्न स्थानों से पधारे साहित्यकारों गिरीश पंकज रायपुर, रामशरण शर्मा मुंगेली, बुधराम यादव, अशोक तिवारी लोरमी, डॉ. चंदीराम ग्वालानी भाटापारा, प्रमोद पाठक मुंगेली, रमेश कुमार चौहान नवागढ़, खोमेश्वरपुरी गोस्वामी व शैलेष पाठक का शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर इनका सम्मान कर इन सभी के साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला गया।

### स्वीट हंट एंड बंकर में गंदगी मिली, जुर्माना

रायपुर। नगर निगम जोन 9 के तेलीबांधा क्षेत्र स्थित स्वीट हंट एंड बंकर दुकान में साफ-सफाई को लेकर बरती जा रही कोताही की शिकायत लोगों ने निगम अमले से की। जनशिकायत मिलने पर आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन 9 की टीम ने स्थल पर जाकर आकस्मिक निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण करने पर शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालक पर 1 हजार रुपए जुर्माना किया गया।

## निधन

### सुखुमल डोडवानी



रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर दीपक कॉलोनी निवासी सुखुमल डोडवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जनवरी को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे विष्णु, श्याम, किशन लाल डोडवानी के भाई थे।

### सावित्री गुप्ता



रायपुर। डीडीनगर सेक्टर-1 निवासी सावित्री गुप्ता का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे शंकर गुप्ता की पत्नी और ममता, माया, मंजू की माता थीं।

# आधा दर्जन विभागों का होगा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल, शुरुआती दौर में केवल ओपीडी

## बिलासपुर और जगदलपुर में फरवरी अंत तक काम पूरा करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

डीके अस्पताल की तर्ज पर बिलासपुर और जगदलपुर में आधा दर्जन विभागों के साथ सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल खोलने की तैयारी तेज कर दी गई है। दोनों अस्पतालों में हृदय, किडनी, मस्तिष्क की नसों तथा यूरिन संबंधित बीमारियों के इलाज की सुविधा दी जाएगी। अस्पताल में डाक्टरों सहित अन्य कर्मचारियों की व्यवस्था निर्धारित अवधि के भीतर करने मेडिकल कालेज के डीन को अधिकार दिया गया है। दोनों अस्पतालों को सभी संसाधनों से पूरी तरह लैस करना संभव नहीं होगा, इसलिए शुरुआत ओपीडी के संचालन से की जाएगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दोनों अस्पताल की मार्च में शुरुआत को लेकर पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा विभाग को निर्देश जारी किया था। बिलासपुर और जगदलपुर के लोगों को बड़ी बीमारियों के इलाज की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए भवन निर्माण का काम लगभग पूरा किया जा चुका है, शेष कार्यों को फरवरी अंत तक पूरा करने कहा गया है। इसके साथ संबंधित मेडिकल कालेज के अधिष्ठाताओं को संविदा आधार पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल सहित अन्य स्टाफ की नियुक्ति करने का अधिकार दिया गया है। दोनों कालेजों में संविदा चिकित्सकों की व्यवस्था के लिए विज्ञापन भी जारी किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों अस्पतालों में कार्डियोलॉजी, कार्डियो थोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी, न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, नेफ्रोलॉजी तथा यूरोलॉजी विभाग खोले जाएंगे।

### आसान नहीं है डाक्टर मिलना

सूत्रों के मुताबिक संचालित दोनों अस्पतालों में सुपरस्पेशलिटी विभाग प्रारंभ करने की मंशा है, मगर इसके लिए विशेषज्ञ डाक्टरों की व्यवस्था करना आसान नहीं होगा। डीके अस्पताल के अलावा आंबेडकर अस्पताल में कुछ सुपर स्पेशलिटी विभाग संचालित होता है। यहां काम करने वाले चिकित्सक दिए जाने वाले वेतन को लेकर असंतुष्ट है और कई इस्तीफा भी दे चुके हैं। सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों को पृथक वेतन का प्रस्ताव शासन के पास लंबित है।




**बड़ी सुविधा मिलेगी**

दोनों जिलों में सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल शुरू करने से लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। काम फरवरी अंत तक पूरा करने निर्देशित किया गया है। फैकल्टी व्यवस्था के लिए मेडिकल कालेजों के डीन को अधिकार दिया गया है। *- डॉ. विष्णु दत्त, संचालक, चिकित्सा शिक्षा*

### तीन नए मेडिकल कालेज का डीपीआर

राज्य तीन नए जिले में मेडिकल कालेज प्रारंभ करने की योजना पर भी तेजी से काम चल रहा है। मनेन्द्रगढ़, जांजगीर-चांपा तथा कबीरधाम में नया चिकित्सा महाविद्यालय प्रस्तावित है। इसके लिए शासन को पचास-पचास करोड़ का डीपीआर बनाकर शासन को प्रेषित किया जा चुका है। इन कालेजों का निर्माण होने से राज्य में एमबीबीएस की तीन सौ सीटें और बढ़ जाएंगी, हालांकि काम पूरा होने में कुछ वक्त लगने का अनुमान है।

## ढाई एकड़ जमीन पर निगम ने खड़ा कराया इंफास्ट्रक्चर

# मोवा में गारमेंट फैक्ट्री के लिए एजेंसी तय करने सेकेंड कॉल, 2 कंपनियों ने दिखाई रुचि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मोवा इलाके में नगर निगम की पहली ब्रांडेड गारमेंट फैक्ट्री के इंफास्ट्रक्चर का 90 फीसदी काम पूरा हो गया है, बाकी का 10 फीसदी काम माहांत तक पूरा होगा। गारमेंट फैक्ट्री संचालन के लिए एजेंसी तय करने नगर निगम ने सेकेंड कॉल किया है। पहले कॉल में एक भी एजेंसी ने रिस्पांस नहीं दिया। सेकेंड काल में 2 कंपनियों ने रुचि दिखाई, इनके दस्तावेज का परीक्षण होना बाकी है।

राजधानी के मोवा में पाम ब्लाजियो के पास ढाई एकड़ जमीन पर नगर निगम की पहली गारमेंट ब्रांडेड फैक्ट्री खुलेगी। निगम के लोक निर्माण विभाग ने 5 करोड़ खर्च कर गारमेंट फैक्ट्री का इंफास्ट्रक्चर खड़ा करने का काम 90 फीसदी काम पूरा करा लिया है। 1 एकड़ क्षेत्र में महिलाओं के लिए सुविधायुक्त शेड बनकर तैयार है। साथ ही पेयजल की व्यवस्था, बिजली, सार्वजनिक प्रसाधन की व्यवस्था के साथ ही कनेक्टिंग रोड का निर्माण कराया गया है। आकस्मिक आगजनी की घटना से परिसर को सुरक्षित रखने जरूरी उपकरण लगाए गए हैं। इसके साथ ही जल संरक्षण को ध्यान में रखकर फैक्ट्री परिसर में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा रहा है।

### इंफास्ट्रक्चर का 90 फीसदी काम पूरा, जिला कलेक्टर, निगम कमिश्नर कर चुके विजिट





### 5 साल के लिए संचालन का ठेका मार्केटिंग का जिम्मा भी

निगम की पहली ब्रांडेड गारमेंट फैक्ट्री का संचालन पीपीपी मोड पर अनुबंधित एजेंसी करेगी। फैक्ट्री में बनने वाले उत्पाद की मार्केटिंग का जिम्मा संबंधित एजेंसी का होगा। महिलाओं से आवेदन मंगाकर उनका चयन करने से लेकर आवश्यक प्रशिक्षण देने का काम अनुबंधित कंपनी करेगी। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी महिलाओं को गारमेंट फैक्ट्री में रोजगार मिलेगा। महिला कर्मचारियों का वेतन चयनित कंपनी देगी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थी महिलाओं को एक निर्धारित प्रशिक्षण वृत्ति भी प्रदान की जाएगी।

### प्रोजेक्ट की खास बात

- केवल महिलाओं को मिलेगा रोजगार
- 1000 से ज्यादा सिलाई मशीन लगाई जाएगी
- पहले चरण में 2 हजार महिलाओं को मिलेगा रोजगार
- प्रोजेक्ट का संचालन पीपीपी मोड पर
- 15 करोड़ का प्रोजेक्ट

# जिला अस्पताल में तय होगा सीटी स्कैन का न्यूनतम शुल्क

## अन्य अस्पतालों से विश्लेषण करने के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाल ही में जिला अस्पताल पंडरी में शुरू की गई सीटी स्कैन जांच के लिए मरीजों को न्यूनतम शुल्क देना होगा। कलेक्टर ने अन्य अस्पतालों के शुल्क का विश्लेषण करने का निर्देश दिया है। कलेक्टर गौरव सिंह सोमवार को जिला अस्पताल निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात की और चिकित्सा उपकरणों की जानकारी ली।

- जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर गौरव सिंह, मरीजों से भी मिले
- साफ-सफाई और व्यवस्था का लिया जायजा अधिकारियों को दिए निर्देश

जिला अस्पताल में नए साल से सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ की गई है। जल्दी ही इसके शुल्क का निर्धारण किया जाएगा। इसके लिए अन्य सरकारी अस्पतालों में दी जाने वाली सुविधा शुल्क का अध्ययन कर उससे कम दर तय करने का प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर गौरव ने पंडरी जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई रखने पर भी जोर दिया। इस दौरान वहां भर्ती मरीजों से अस्पताल की व्यवस्था के बारे में जाना।

डाक्टरों ने उन्हें बताया कि हमर लैब में टेस्ट पूर्ण रूप से निशुल्क हो रहा है। उन्होंने कोविड केयर यूनिट्स का निरीक्षण कर पोर्टेबल कॉविड केयर यूनिट्स की जानकारी ली। इस दौरान डाक्टरों को संवेदनशील रहने और मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने खासकर इमरजेंसी के मरीज को अतिरिक्त समय तक इलाज करने पर जोर दिया। इस दौरान वहां नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप और सिविल सर्जन डॉ. एसके भंडारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# राजधानी से लेकर बस्तर तक हत्या, बैज ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर कांग्रेस ने गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा राज के एक महीने में ही छत्तीसगढ़ अपराध गढ़ बन गया है। राजधानी रायपुर से लेकर बस्तर तक लगातार हत्या, लूट, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी हैं। राजधानी में सरेआम चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गयी। एक दूसरी घटना में राजधानी में ही अपराधियों ने दौड़ा-दौड़ा कर युवक की हत्या कर दी। जोरा में एक व्यक्ति को गोली मार दी गयी। कांकेर के पखांजूर में भाजपा नेता असीम राय की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। प्रदेश के हर शहर में चाकूबाजी, लूट की वारदातें आम हो गयी हैं। सरकार बदलते ही ऐसा लगने लगा है, जैसे कानून का राज समाप्त हो गया है।



- सरकार बदलते ही कानून का राज समाप्त अपराधी उठाने लगे सर

उन्होंने कहा, बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि भाजपा की सरकार को बने अभी एक महीना नहीं हुये हैं, प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं। सरेआम लोगों की हत्याएं की जा रही हैं। गोलियां चल रही हैं। प्रदेश में एक बार फिर वहीं आतंक का दौर वापस आ गया है, जो 2018 के पहले था। गोलियां मार कर लोगों को लूटा जाता था। अपराधी पकड़े नहीं जाते थे। अपराधी बैखोफ हो कर घूम रहे हैं। यह भारतीय जनता पार्टी का जंगलराज है, जो छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिर से वापस आ गया है।

## राजभवन ने कहा-नियम शिथिल करने पर करें विचार

# परीक्षा से वंचित 14 छात्रों की राज्यपाल से गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शार्ट अटेंडेंस की वजह से परीक्षा से वंचित किए गए छात्रों की गुहार पर राजभवन की ओर से छात्रहित में नियम को शिथिल करने पर विचार करने रिम्स अधिष्ठाता को निर्देशित किया है। रिम्स कालेज प्रबंधन द्वारा कम उपस्थिति सहित विभिन्न कारण बताकर 14 छात्रों को अंतिम वर्ष की परीक्षा के वंचित कर दिया गया है।

- राजभवन ने रिम्स अधिष्ठाता को किया निर्देशित

रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) में पढ़ने वाले 14 छात्रों ने कुछ दिन पहले राज्यपाल से परीक्षा में बैठने अनुमति दिलाने की गुहार लगाई थी। अपने हस्ताक्षरयुक्त आवेदन में उन्होंने बताया था कि एमबीबीएस फाइनल ईयर की परीक्षा 17 जनवरी से प्रारंभ होने वाली है।




कालेज के अधिष्ठाता द्वारा कम उपस्थिति का कारण बताते हुए परीक्षा से वंचित किया जा रहा है, जबकि छात्रों द्वारा इसकी वजह बताई गई है।

छात्रों ने भविष्य का हवाला देते हुए परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दिलाने की मांग की थी। इस आधार पर राजभवन की ओर से अधिष्ठाता रिम्स को बच्चों के भविष्य का ध्यान रखते हुए नियमों को शिथिल करने की आवश्यकता होने पर सहनुभुति पूर्वक विचार करने का निर्देशित किया है। इस मामले में रिम्स के अधिष्ठाता डा. गंभीर सिंह द्वारा पिछले दिनों बयान दिया गया था कि सारी प्रक्रिया नियमों के तहत पूरी की गई है।

### ट्रेन ऑफ, मुश्किलें ऑन...

विकल्प यही ट्रेन है। इस वजह से इस ट्रेन के सभी कोच में सप्ताहभर में वेटिंग 100 से पार हो चुकी है। सोमवार को हरिभूमि ने रायपुर से एमपी की ओर जाने वाली ट्रेनों का जायजा लिया। ट्रेन के आने से पहले ही प्लेटफार्म यात्रियों से ठसाठस भर चुका था। जब अकरकंटक एक्सप्रेस शाम को 7.10 बजे प्लेटफार्म पर पहुंची, तो यात्रियों के बीच ट्रेन में चढ़ने और सीट तक पहुंचने की होड़ मच गई। भीड़ अधिक होने से कई यात्री जनरल कोच में भी नहीं चढ़ पाए। ट्रेन में पैर रखने की भी जगह कई यात्रियों को नहीं मिल सकी। रायपुर से भोपाल तक सफर यात्रियों को खड़े होकर तय करना पड़ रहा है। एक ही ट्रेन होने से अब बड़ी संख्या में यात्री नागपुर से जगदलपुर व इंदौर के लिए कनेक्टिंग ट्रेन का टिकट बनवा रहे हैं, ताकि भीड़ से बच सकें। रायपुर मंडल से हर दिन 1500 से अधिक यात्री भोपाल, कटनी और इंदौर व उज्जेन का सफर करते हैं, लेकिन 4 मुख्य ट्रेनों के रद्द होने के बाद यात्री अब एक ही ट्रेन के भरोसे हैं।

### नहीं मिली खड़े होने...

इतनी अधिक रही कि यात्रियों पैर रखने की भी जगह नहीं मिल पाई। समता एक्सप्रेस में भारी भीड़ और वेटिंग देखते हुए कई यात्री अब नागपुर से भोपाल जाने कनेक्टिंग ट्रेन का टिकट बनवा रहे हैं। ट्रैवल्स एजेंसी के मुताबिक 10 दिनों तक समता में भीड़ अधिक रहेगी। इस वजह से दर्जनभर यात्रियों ने नागपुर से जाने टिकट बनवाया है। नागपुर से यात्रियों को दूसरी ट्रेन में कन्फर्म टिकट मिल रहा है। भीड़ से बचने अब ट्रैवल्स एजेंट भी यही सलाह दे रहे हैं। यह स्थित सप्ताहभर और बनी रहेगी। आज चिरिमरी और राजस्थान जाने वाली ट्रेन नहीं चलेगी।

### एक सीट में...

4 यात्री बैठते हैं। समता एक्सप्रेस में सीट में जगह नहीं मिलने पर यात्री कपड़े की मदद से झूला बनाकर उसमें सफर करते नजर आए। स्थिति यह है कि हर स्टेशन में यात्रियों की संख्या बढ़ती जाती है, लेकिन उतरने वाले गिनती के होते हैं। यही वजह है कि रात के वक्त यात्री अंदर ना आएं, इसलिए ट्रेनों के दरवाजे को भी नहीं खोला जा रहा है।

## पेज 11 के शेष ...

### हर ट्रेन में हजारों...

ट्रेन पहुंचती, उसमें उतरने वालों से दोगुना यात्री चढ़ने की कोशिश करते नजर आते। कई बार यात्रियों को ट्रेन से उतरने के लिए भी खासी मशक्कत करनी पड़ी। ऐसे में कई यात्री समय पर चढ़ भी नहीं पाए और ट्रेन रवाना हो गई। कुछ यात्रियों ने हजारों की भीड़ देखकर ट्रेन ही बदल दी। लंबी ट्रेनों के जनरल कोच में पैर रखने की जगह नहीं थी। ऐसे में परिवार के साथ सफर को टालना ही यात्रियों ने बेहतर समझा।

### लालपुर में पेट्रोल पंप...

साथ मारपीट की। एश्वर्य ने पुलिस को बताया है कि बदमाश प्रशांत के साथ मारपीट कर रहे थे, तब पेट्रोल पंप में मौजूद अन्य कर्मी बीच-बचाव करने आए, तब एक बदमाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर पंपकर्मियों को डराने की कोशिश की। इस दौरान बदमाश अपने पास रखे चाकू से प्रशांत की कमर पर वार कर वहां उपस्थित लोगों को डराते हुए मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### 39 में 10 दिन...

चाकू मारा। चाकूबाजी की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। डीडीनगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटना होने के पांच घंटे के भीतर टिकरापारा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक पेट्रोल पंप में अपनी बाइक में जबरन पेट्रोल डालने की कोशिश की। पंप कर्मी द्वारा मना करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। पेट्रोल पंप में जबरन पेट्रोल भरने तथा पंपकर्मी पर चाकू से हमला करने के आरोप में पुलिस सीसीटीवी फूटेज के आधार पर तीन संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। **पुलिस ने निकाला बदमाशों का जुलूस** : डीडीनगर थाना क्षेत्र में आशीष बंजारे की हत्या के आरोप में पुलिस ने चार बदमाश छोटू उर्फ अमित यद्घु, गिरिंद्रा यद्घु, मुकेश यादव उर्फ बीडी तथा रवि ठाकुर को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने जहां आशीष बंजारे की हत्या की थी, उसी जगह से पुलिस ने बदमाशों का जुलूस निकाल कर थाने लाई।

### छत्तीसगढ़ से 1400 रामभक्त...

कैंप में निःशुल्क ठहर पाएंगे, साथ ही मंदिर दर्शन के दौरान भी प्रवेश पास के रूप में इसका इस्तेमाल करेंगे। ज्ञात हो कि अयोध्या राममंदिर दर्शन के लिए रेलवे ने देशभर में एक हजार से अधिक ट्रेनों को अयोध्या तक चलाने की घोषणा की है। इन्हीं ट्रेनों में एक छत्तीसगढ़ को भी मिली है। इन ट्रेनों के परिचालन के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार राज्य को मिली ट्रेन के लिए नोडल अधिकारी हैदराबाद के किसी रेलवे अधिकारी को बनाया गया है, जिसके द्वारा स्थानीय डीआरएम अधिकारियों को स्पेशल ट्रेन को लेकर लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। हालांकि रेल मंडल रायपुर के जनसंपर्क अधिकारी शिवप्रसाद का कहना है कि स्पेशल ट्रेन को लेकर तैयारियां जरूर चल रही हैं, लेकिन ट्रेन के शेड्यूल को लेकर अब तक ऑफिसियल जानकारी नहीं आई है। जानकारी आने के बाद ही वे कुछ बता पाएंगे।

### मेकाहारा की इमरजेंसी में...

अधीक्षक को की गई शिकायत में सीएमओ डॉ. विनय वर्मा ने बताया है कि दुर्व्यवहार के दौरान डॉ. लकरा ने उन्हें देख लेने और नौकरी से निकलवाने की धमकी भी दी है। उन्होंने कहा कि इस घटना से मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। मेरे व्यवहार से इमरजेंसी विभाग के कर्मचारी भली-भाँति परिचित हैं। इस घटना की जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करें, जिससे आने वाले समय में इस प्रकार की घटना किसी चिकित्सक एवं कर्मचारी के साथ ना हो।

### 48 घंटे में गंभीर...

संक्रमित पाया गया, वहीं 15 लोगों को स्वस्थ घोषित किया गया। अभी 45 एक्टिव केस रायपुर, दुर्ग 17 तथा रायगढ़ में 31 सक्रिय केस हैं। वर्तमान में कोरोना के जो मामले सामने आ रहे हैं, उन्हें सूखी खांसी, बुखार जैसी शिकायत है। राहत की बात यह है कि इनमें से किसी की ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 भाठागांव तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 08/01/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका किशनलाल यादव पिता दयाराम यादव द्वारा आवेदित ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. रायपुर-13 भाठागांव स्थित भूमि खसरा नं. 150/25 रकबा 0.0140 का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 09/10/2023 के परिपालन में दिनांक 22/01/2024 को समय 12.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक प.ह.नं. 60 के भाठागांव स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अपने या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-13 भाठागांव

**आम सूचना**

(ग्राम - डूंडा, प.ह.नं. 72, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में।)

सर्व साधारण को इस आम सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री डॉ. दिनेश लाल पिता श्री गंगा राम, पता - नहर पारा रोड़, कृष्णा नगर, संतोषी नगर, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नं. 309/3 रकबा 0.0570 हे. (6135 वर्गफुट) है जो ग्राम - डूंडा, प.ह.नं. 72, तहसील - रायपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित हैं, को क्रय करने का पक्का सौदा कर टोकन बयाना दिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही होना शेष है।

अतः इस अंतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय आदि को उपरोक्त संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई आपत्ति, उजर, दावा करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनाक से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय सुसंगत दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करे, म्याद तिथि पश्चात किया गया आपत्ति शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन करने में स्वतंत्र होंगे। सो सूचना जाने इस पर आवश्यक रूप से अमल करें।

दिनांक : 08/01/2024
रायपुर (छ.ग.)

हेमन्त कुमार साहू
अधिवक्ता

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण व हर आम खास को मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है कि ग्राम सरोना, तहसील रायपुर, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा क्र. 307/2 के उत्तरी भाग पर स्थित भूमि खसरा क्र. 318/19 की बयनामा और मौके अनुसार स्थिति इस प्रकार है- उत्तर में पक्का रास्ता व पूर्व में विक्रेता राजेश अग्रवाल की भूमि इस प्रकार भूमि खसरा क्र. 307/2 के बयनामा में गलत दर्शित की गई उत्तरी चौहद्दी में रास्ता न होकर भूमि खसरा क्र. 318/19 स्थित है जोकि विक्रेता राजेश अग्रवाल की भूमि खसरा क्र. 318/5 का भाग रहा है। भूमि खसरा क्र. 307/2 के बयनामा में गलत चौहद्दी का संलग्न नक्शा वर्ष 04-05 राजस्व अभिलेख में ही उपलब्ध नहीं है। भूमि खसरा क्र. 318/5 के राजस्व नक्शे को भूमि खसरा क्र. 318/19 के भूमिस्वामी शेख अब्दुल करीम की सहमति से उपेन्द्र गावरी द्वारा विवादित कर राजस्व नक्शे में दस्तावेजों के विपरीत कराए गए बदलाव को न्यायालय आयुक्त, संभाग रायपुर द्वारा निरस्त किया जा चुका है। ज्ञात हुआ है कि निरस्त किए गए नक्शे के आधार पर भूमि खसरा क्र. 318/19 एवं 307 / 2 के भूमिस्वामी द्वारा उक्त भूमियों का गलत विस्तार दर्शाकर चोरी-छिपे विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। इसीलिए उक्त भूमियों संबंधी विवदित चौहद्दी के संबंध में जरिए जाहिर सूचना आम से सबको उक्तानुसार सूचित किया जाता है।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 08/01/2024

जतिन्दर सिंग सैन्सरी (अधिवक्ता)
बी.एस.सी., एल.एल.बी.
कार्या./निवास- म.नं. बी-13, मैत्री विहार, गोलछा पार्क के सामने, महावीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं. 90096-35904

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 19.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम माना प.ह.नं.- 80 रा.नि.मं.- रायपुर-18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक लखनु पिता ईतवारी निवासी माना रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1015/5 रकबा 0.279 हे. का सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- .......... अ-12 वर्ष- 2023-24 आदेश दिनांक 09.11.2023 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 12.01.2024 को समय दोपहर 2:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/ आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-18







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों ने मांगा नियमितीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक में लिया निर्णय
- 100 दिन में नियमित नहीं करने पर राजधानी में देंगे महाधरना



छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की प्रदेशस्तरीय बैठक में निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने नियमितीकरण की मांग बुलंद की।

ठेका प्रथा बंद कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को एक निश्चित अवधि में नियमित करने की मांग करते हुए महासंघ ने यह निर्णय लिया कि भाजपा सरकार 100 दिन के भीतर नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों को यदि नियमित नहीं करती, तो निकायों के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी रायपुर में महाधरना देंगे। प्रदेश अध्यक्ष संजय ऐडे ने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ मुखर धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा सरकार के 100 दिनों की मोदी गारंटी का इंतजार कर रहे हैं। इस अवधि में नियमितीकरण नहीं होने पर महा धरना दिया जाएगा। भाजपा सरकार के 100 दिनों की मोदी गारंटी में प्रदेशभर के नगरीय निकाय के 25 हजार प्लेसमेंट कर्मचारियों की आस टिकी हुई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में वादा खिलाफी को लेकर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताने वाले निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी लंबित मांग को लेकर लामबंद हुए हैं। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ की सोमवार को प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

इसमें प्रदेशभर से प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में निकायों में ठेका प्रथा बंद कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को एक निश्चित समय अवधि में नियमित किए जाने आवाज बुलंद की। इस मौके पर नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों ने आपस में रायशुमारी कर महासंघ के माध्यम से 10 बिंदुओं पर अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## प्रस्ताव की प्रमुख बातें

- नगरीय निकायों में प्लेसमेंट, आउटसोर्सिंग का सिस्टम बंद किया जावे।
- निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को एकमुश्त संविदा दर पर रखा जावे।
- निकायों में कार्यरत अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल, उच्च कुशल कर्मचारियों का निकाय में समायोजन कर कलेक्टर, श्रम दर के अनुसार वेतन भुगतान हो।
- निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों को 62 वर्ष तक नौकरी की सुरक्षा प्रदान की जावे।
- निकायों में 5 से 10 वर्षों से निरंतर कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित किया जावे।
- प्लेसमेंट कर्मचारियों का न्यूनतम 18 हजार वेतन निर्धारित हो तथा प्रत्येक वर्ष 5 फीसदी वेतन वृद्धि का सुझाव।
- बिना किसी ठोस कारण के नौकरी से पृथक न किया जावे।
- चिकित्सा सुविधा, सार्वजनिक, अर्जित, आकस्मिक, चिकित्सा अवकाश, ग्रेजुएटी, अनुकंपा नियुक्ति जैसी सुविधा मिले।
- 5 लाख का बीमा कवरेज दिया जावे।
- आकस्मिक निधन होने पर 5 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान की जावे।

## खबर संक्षेप



### मंत्री बृजमोहन को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी एवं प्राध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से सातवें वेतनमान, 'के' डिपॉजिट के एरियर्स का भुगतान, प्राध्यापक से प्राचार्य तथा सहायक प्राध्यापक से प्राध्यापक पद पर पदोन्नति, क्रीड़ा अधिकारी एवं ग्रंथपाल की सेवानिवृत्ति आयु 62 से 65 करने के लिए, एजीपी एवं पेंशन निराकरण शीघ्र करने के लिए ज्ञापन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में डॉ. अशोक शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. केके बिंदल, डॉ. सुभद्रा राठौर, डॉ. तपेश गुप्ता, डॉ. राजेश शुक्ला, ध्रुव पांडे, रामानंद यादव, विपिन शर्मा, जेएन वर्मा, प्रीति शर्मा, प्रमोद मेने, अजीत हुंडेत, अभया जोगलेकर, रूपेंद्र चौहान, रविंद्र नाथ मिश्रा, रश्मि मिंज, नंदा गुरवारा, वासु वर्मा सहित प्राध्यापक शामिल थे।

### यादव समाज ने किया कैलेंडर का विमोचन



**रायपुर।** जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में रविवार को यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी दौरान छत्तीसगढ़ यादव समाज और प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि वैवाहिक रिश्ते समागम पूर्व महासंघ के कार्यालय में वर्ष 2024 में किए जाने वाले अभिनव और सकारात्मक सामाजिक सरोकार संबंधी सेवा कार्यों की रूपरेखा पर विचार-विमर्श हुआ। विमोचन के अवसर पर सुधीर यादव, जितेंद्र बहादुर यादव, अनूप यदु, राजेश यादव, जनक यादव, अशोक यादव, डॉ. ममता यादव, रविंद्र सिंह यादव, सूरज यादव, डॉ. एनपी यादव, तीरथराम यादव, रमेश यादव, जगदीश यादव आदि उपस्थित थे।

### भोईपारा में तीन दिवसीय वर्सी महोत्सव 12 से

**रायपुर।** गुरु नवनाथ मढ़ी भोईपारा में तीन दिवसीय 12 से 14 जनवरी तक धूमधाम से वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम नाथ संप्रदाय के योगी महाराज के सानिध्य में होगा, जिसमें संतों की शीतल वाणी एवं भजन-कीर्तन द्वारा सत्संग को निहाल किया जाएगा। भवानी मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 10 बजे गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह स्थापना योगी शमशेरनाथ, योगी फूलनाथ एवं योगी किशननाथ के सानिध्य में होगी। साथ ही शाम 4 बजे से कार्यक्रम में ईष्ट आराध्य देव झूलेलाल सांईजी का बहराणा साहेब एवं मशहूर संगीत पार्टी दीपक उदासी का कार्यक्रम होगा। साथ ही आम भंडारा का आयोजन भी रखा गया है।

### खरीद केंद्रों से संग्रहण केंद्रों में नहीं जा रहा है धान

# धान खरीद केंद्रों में लगा ढेर, परिवहन धीमा उठाव तेजी से नहीं हुआ तो खरीदी होगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बीच अब तक उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन खरीदी के अनुपात में नहीं हो पाया है। यही कारण है कि राज्य के अधिकतर धान उपार्जन केंद्रों में धान का ढेर लगा हुआ है। जानकारों का कहना है कि अगर सोसाइटियों से धान तेजी से नहीं उठाया गया, तो आने वाले दिनों में खरीदी प्रभावित होना तय है। हालांकि राज्य सरकार ने धान उपार्जन नीति में स्पष्ट किया है कि खरीदी केंद्रों में धान का बफर स्टॉक की सीमा से ज्यादा होने पर 72 घंटे के भीतर उसका उठाव कराया जाए।

### तीन जिलों से ही संग्रहण केंद्र को भेजा गया धान

राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था इस तरह है कि उपार्जन केंद्रों यानी खरीदी केंद्रों में धान खरीदा जाता है। इसके बाद यहीं से मिलरों को मिलिंग के लिए धान दिए जाने के साथ ही मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों को धान भेजा जाता है। फिलहाल खरीदी केंद्रों से मिलरों को धान तो दिया जा रहा है, लेकिन संग्रहण केंद्रों में धान परिवहन बेहद धीमा है। अब तक गिने चुने संग्रहण केंद्रों में ही धान भेजा गया है। इनमें कोंडागांव, सुकमा, मोहला मानपुर, जिले से ही धान संग्रहण केंद्र में गया है। इसकी कुल मात्रा केवल 5 हजार 387 मीट्रक टन है।

### केवल तीन जिलों से भेजा गया है 5 हजार 387 टन धान



### खरीदी केंद्रों में जमा है बड़ी मात्रा में धान

छत्तीसगढ़ के धान उपार्जन (खरीद) केंद्रों में इस समय धान की बड़ी मात्रा जमा है। जानकारों के मुताबिक सैकड़ों सोसाइटियों में जमा धान बफर स्टॉक की लिमिट पार कर चुका है, लेकिन यहां से उठाव की रफ्तार एकदम धीमी है। हालत ये है कि उपार्जन केंद्रों में 31 लाख 94 हजार 335 मीट्रिक टन धान जमा है। सोसाइटियों से मिली जानकारी के अनुसार रोजाना खरीदी के अनुपात में धान का परिवहन बहु कम है।

### मिलरों को दिया गया है 54 हजार मीट्रिक टन

खरीदी केंद्रों से मिलरों को धान दिए जाने की स्थिति ठीक है। बताया गया है कि राज्यभर के खरीद केंद्रों से मिलरों को अब तक 54 लाख 52 हजार 994 मीट्रिक टन धान दिया जा चुका है। मिलर धान उठाने के बाद उसकी मिलिंग करके राज्य कोटे के लिए नागरिक आपूर्ति निगम और सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई में चावल जमा कराते हैं। जानकारों का कहना है कि मार्कफेड से संग्रहण केंद्रों में धान परिवहन तेजी से किया गया, तो सोसाइटियों में स्थिति संतुलित हो जाएगी। अगर जल्द ऐसा नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में सोसाइटियों में धान खरीदी बंद करनी पड़ सकती है।

### अब तक 86 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

राज्य में 1 नवंबर 2023 से जारी धान खरीदी के बीच अब तक राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर 86 लाख 52 हजार 717 मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। पूर्ववर्ती सरकार ने 20 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसके बाद दिसंबर में बनी भाजपा सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से खरीदी का आदेश जारी किया। जानकारों के अनुसार इस हिसाब के धान खरीदी कम से कम 155 लाख मीट्रिक टन हो सकती है।

# कलेक्टर ने दिया बेरोजगार दंपति को नौकरी का प्रस्ताव



- जनचौपाल में जमीन की समस्या लेकर पहुंचा था व्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित कलेक्टर जनचौपाल में ऐसा पहली बार देखा गया कि कलेक्टर ने किसी बेरोजगार व्यक्ति की बेरोजगारी का दुखड़ा सुनकर उसके साथ उसकी पत्नी को तत्काल नौकरी देने का प्रस्ताव दे दिया। इस प्रस्ताव को व्यक्ति ने भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लिया। दोनों की शैक्षणिक योग्यता नौकरी के अनुकूल पाई गई है, जिसके बाद दोनों को नौकरी देने का निर्णय लिया गया है। हालांकि नियुक्ति से पहले दंपति के शैक्षणिक दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाएगा।

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने आम लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जनचौपाल लगाई। इस दौरान अपनी जमीन संबंधी समस्या लेकर पहुंचे ग्राम हसदा निवासी विवेक साहू ने कलेक्टर को आवेदन देने के साथ अपनी शैक्षणिक योग्यता के साथ बेरोजगार होने की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने इस पर तत्काल पहल करते हुए कलेक्टोरेट मल्टीलेबल पार्किंग स्थित बीपीओ कॉल सेंटर के इंचार्ज को बुलवाया और उसी समय विवेक का साक्षात्कार लेने के निर्देश दिए। इस साक्षात्कार में विवेक खरा उतरा। इसके बाद विवेक ने अपनी पत्नी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में भी कलेक्टर को जानकारी दी, जिसके बाद डा. सिंह ने उसकी पत्नी को भी नौकरी देने का प्रस्ताव दे दिया। साक्षात्कार में उसकी पत्नी भी नौकरी के अनुकूल पाई गई। इस तरह पति-पत्नी दोनों को नौकरी मिल गई। हालांकि नियुक्ति से पहले दोनों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच के साथ अन्य प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी।

### जल्द से जल्द निराकरण कराने दिए निर्देश

जनचौपाल में अपनी-अपनी समस्या लेकर कई लोग पहुंचे थे। कलेक्टर ने सभी लोगों की बारी-बारी से समस्याएं सुनीं और आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण कराने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# विधायक मिश्रा ने किया चैंबर प्रीमियर लीग का शुभारंभ



- सुभाष स्टेडियम में 8 से 20 जनवरी तक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सुभाष स्टेडियम में चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित चैंबर प्रीमियर लीग का शुभारंभ रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्रिकेट में भारत की जान बसती है। खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने प्रीमियर लीग का आयोजन एक अच्छी पहल है। इसके लिए श्री मिश्रा ने चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका मनोबल भी बढ़ाया।

राजधानी के सुभाष स्टेडियम में 8 जनवरी से 20 जनवरी तक चैंबर प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत विधायक पुरंदर मिश्रा के हाथों की गई। इस मौके पर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी सहित चैंबर के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में पुरंदर मिश्रा ने कहा, जीवन में खेल का स्थान बेहद महत्वपूर्ण है। खेल की वजह से ही आपसी सद्भावना और भाईचारा बढ़ता है। यही नहीं, अंजान लोगों से भी पहचान बढ़ती है। इसीलिए जीवन में खेल का होना बेहद जरूरी है।

इस मौके पर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोषी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अयोध्या पहुंचा छत्तीसगढ़ का चावल जवाफूल से बनी खीर का लगेगा भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- आयोजन से लेकर तीन माह तक श्रद्धालुओं के लिए जारी रहेगा प्रसाद

अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में ननिहाल छत्तीसगढ़ से भेजा गया चावल पहुंच चुका है। 22 जनवरी को भगवान राम अयोध्या में अपनी जन्मभूमि में पुनः स्थापित होंगे, तब उन्हें छत्तीसगढ़ के जवाफूल चावल से बने खीर का भोग लगाया जाएगा।

अयोध्या में 15 से 22 जनवरी तक भव्य आयोजन के साथ ही रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। आयोजन से शुरू होने वाला प्रसाद वितरण लगातार 3 महीने तक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जारी रहेगा। छत्तीसगढ़ से भेजे गए चावल का इसमें इस्तेमाल किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि भगवान राम को 22 जनवरी को जो पहला भोग लगाया जाएगा, उसमें छत्तीसगढ़ के चावल से बना भात और खीर शामिल होगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 30 दिसंबर को वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर परिसर से 300 मीट्रिक टन चावल से भरे 11 ट्रकों को झंडी दिखाकर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रवाना किया था।

### ट्रक ड्राइवरों ने पहना भगवा कुर्ता

राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि सैकड़ों साल के इंतज़ार के बाद अब भगवान राम अपने जन्मस्थान पर पुनः विराजेंगे। इस पुण्य अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी मिलर्स ने राज्य के अलग-अलग इलाकों में पैदा होने वाली अलग-अलग वैरायटी के चावल की व्यवस्था कर अयोध्या धाम भेजा था, जो वहां पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि सभी ट्रक ड्राइवरों ने अयोध्या प्रवेश के पहले भगवा वस्त्र धारण किए।

साथ ही उन्होंने राम मंदिर के लिए बनाए गए भंडार गृह में पूरी भक्तिभाव के साथ चावल अर्पण किया। मंदिर प्रबंधन ने उन्हें राम मंदिर के दर्शन कराकर उन्हें रामलला की भोगप्रसादी दी, जिससे वे काफी खुश और खुद को भाग्यवान भी मान रहे हैं।

# गौरवपथ से राजातालाब निवासियों के लिए रास्ता खोलने कलेक्टर से मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के रहवासियों को गौरवपथ से राजातालाब क्षेत्र में आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपने गंतव्य तक आने-जाने के लिए गौरवपथ से सीधा भगतसिंह चौक घूमकर जाने वाला रास्ता तय करना होता है। ऐसे में गौरवपथ में डिवाइडर से एक रास्ता राजातालाब निवासियों के लिए खोलने की मांग जिला कलेक्टर से की गई है।

नगर निगम के एमआईसी सदस्य और पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद के साथ राजातालाब के रहवासियों ने सोमवार को जनदर्शन में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर को बताया कि वार्डवासियों को गौरवपथ से अपने घर आने-जाने भगतसिंह चौक से घूमकर जाना पड़ता है। यदि गौरवपथ में डिवाइडर से रास्ता बस्ती वालों के लिए खोल दिया जाए, तो इससे हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने बताया, राजातालाब बस्ती के रहवासियों के लिए गौरवपथ के पास से रास्ता नहीं होने से यहां पर रांग साइड का 2 हजार रुपए से लेकर 5 हजार रुपए तक का चालान आ रहा है।

- गौरवपथ से सीधा भगतसिंह चौक घूमकर आने-जाने में असुविधा
- वार्ड पार्षद आकाश तिवारी के साथ रहवासियों ने जनदर्शन में लगाई गुहार
- रांग साइड आने-जाने पर भरना पड़ रहा चालान

इससे वार्डवासियों को काफी आर्थिक परेशानियां हो रही हैं। प्रभावित इलाके में बड़ी संख्या में लोग लंबे समय से रह रहे हैं, ऐसे में जनता को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखकर जल्द से जल्द रास्ता निकाला जाए।

वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर को अपनी परेशानियों से अवगत कराते हुए वार्ड पार्षद के साथ मिलकर ज्ञापन दिया।

## बिजनेस साइट

# कलिंगा विश्वविद्यालय में बिजनेस प्लान प्रतियोगिता हुई



**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय में वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा आयोजित बिजनेस प्लान प्रतियोगिता 'आइडियाथॉन 3.0' सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह प्रमुख कार्यक्रम 2021 से एक वार्षिक परंपरा रहा है और यह इस वर्ष 5 और 6 जनवरी 2024 को हाइब्रिड मोड में हुआ। इस प्रतिष्ठित व्यावसायिक प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में छत्तीसगढ़ के अनेक प्रमुख उद्यमी शामिल रहे, जिनमें नम्रता यदु, अमनदीप सिंह भाटिया, नम्रता तातिया, अभिजीत शर्मा, अतुल प्रधान, सोमेश शर्मा, बी. शिरिषा और रजत जैन शामिल थे। कलिंगा विश्वविद्यालय के आंतरिक न्यायाधीशों में कुलपति डॉ. आर. श्रीधर और महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन शामिल थे।

# बदमाशों के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी के निर्देश पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सौ से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें से आठ लोगों के खिलाफ आर्म्स एक्ट तथा सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 14 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से 52 लीटर देशी तथा 12 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। इसी तरह से आठ लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से साढ़े 12 किलो गांजा तथा 840 नाइट्रोसेन टेबलेट के साथ 10 अन्य प्रतिबंधित टेबलेट जब्त की गई है। मादक पदार्थ की अवैध बिक्री करने वालों की पुलिस ने चार दोपहिया जब्त की है। पुलिस ने कुल 182 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल दाखिल किया है।





04 अपना फैशन स्टेटमेंट

## एजूकेशन अपडेट

### यूजीसी नेट की आंसर-की जारी 2.19 लाख ने दिलाई थी परीक्षा

**रायपुर।** एनटीए ने ज्वॉइंट सेंट्रल साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च-यूनिवर्सिटी ग्रैंट्स कमीशन नेशनल एलिजबिलिटी टेस्ट 2023 की आंसर-की रिलीज कर दी है। ये आंसर-की प्रोविजनल है और इस पर आपत्ति की जा सकती है। सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर परीक्षा 2023 की इस आंसर-की को डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट पर जाना होगा। इस परीक्षा का आयोजन 26, 27 और 28 दिसंबर 2023 के दिन किया गया था। करीब 2.19 लाख कैंडिडेट्स ने परीक्षा में भाग लिया था। परीक्षा 176 शहरों में 356 सेंटर्स पर आयोजित हुई थी। सीएसआईआर यूजीसी नेट आंसर-की पर आपत्ति करने के लिए कैंडिडेट्स ने प्रति सवाल 200 रुपए शुल्क दिए हैं। ये शुल्क नॉन-रिफंडेबल है।

#### प्रवेशपत्र के पूर्व जारी होंगे इंटिमेशन स्लिप

वहीं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सीटीईटी 2024 का आयोजन 21 जनवरी को करेगा। परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक और दूसरे शिफ्ट की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगी। इससे पहले सीटीईटी परीक्षा 20 अगस्त 2023 को हुई थी। इसके लिए इंटिमेशन स्लिप 1 अगस्त को जारी किया गया था। सीबीएसई सीटीईटी का प्री एडमिट कार्ड अपनी वेबसाइट ctet.nic.in पर जारी करेगा। आवेदक सिटी इंटिमेशन स्लिप पर अपने परीक्षा केंद्र की जानकारी हासिल कर सकेंगे। एडमिट कार्ड की बात करें तो यह परीक्षा से दो दिन पहले जारी किया जाएगा।

### गेट के एडमिट कार्ड जारी फरवरी में ली जाएगी परीक्षा

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू की ओर से ग्रेज्यूएट एप्टिट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग अर्थात गेट का एडमिट कार्ड जारी किया गया है। जिन उम्मीदवारों ने इस परीक्षा के लिए आवेदन किया था, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू इस परीक्षा का आयोजन 3, 4, 10 और 11 फरवरी को करेगा। इसमें कुल 30 पेपर और 82 पेपर संयोजन होंगे। परीक्षा कुल 100 नंबरों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षण प्रारूप में ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम का आयोजन देश भर में बनाए गए एग्जाम सेंटरों पर होगा।

G.A.T.E. Graduate Aptitude Test in Engineering

#### दो पाली में होगी परीक्षा

परीक्षा का आयोजन दो पालियों में होगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से लेकर दोपहर 12.30 बजे तक आयोजित होगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2.30 बजे से लेकर शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि गेट में इंजीनियरिंग स्नातक शामिल हो सकते हैं। गेट के स्कोर के जरिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में दाखिले के साथ डॉक्टरेट कार्यक्रमों में प्रवेश और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### आईआईटी मद्रास लेगा 'जाम' 11 फरवरी को दो शिफ्ट में पर्चे

**रायपुर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मद्रास ने ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स (जाम) के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिये हैं। जिन उम्मीदवारो ने इस एग्जाम के लिए आवेदन किया है, वे आधिकारिक वेबसाइट https://jam.iitm.ac.in से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। जैम परीक्षा 11 फरवरी को दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। केमिस्ट्री, जियोलॉजी और मैथमेटिक्स के पेपर मॉर्निंग शिफ्ट में होंगे। बायोटेक्नोलॉजी, इकोनॉमिक्स, मैथमेटिकल स्टेटिक्स और फिजिक्स के पेपर दोपहर बाद होंगे।



#### एडमिट कार्ड से पहले एग्जाम सिटी स्लिप

वहीं इंजीनियरिंग कोर्सेस में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा यानी जेईई मेन 2024 के पहले सेशन का आयोजन 24 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाना है। एडमिट कार्ड से पहले एग्जाम सिटी स्लिप जारी की जाती है। उम्मीदवारों को एग्जाम सिटी पहले इसलिए आवंटित की जाएगी ताकि वे समय रहते अपना एग्जाम-डे ट्रैवल प्लान बना सकें। आवंटित परीक्षा शहर में किस सेंटर पर एग्जाम देना है इसकी जानकारी उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड के माध्यम से दी जाएगी। इसके अलावा, उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड में एग्जाम डेट और शिफ्ट टाइम की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाती है। एग्जाम सिटी स्लिप जनवरी अंत तक जारी किए जाने की संभावना है।

---

विदेशों में बसे भारतीय जगा रहे संस्कृति की अलख, दुनिया में बता रहे छत्तीसगढ़ की खूबसूरती

# शिकागो के कैफे में छत्तीसगढ़ी व्यंजन और काली चाय घरों में भाजी की खेती, पूजा-पाठ करने लिया वेदों का ज्ञान

> छत्तीसगढ़ के मूल निवासी व्यक्तियों ने भले ही विदेश में अपनी अलग दुनिया बसा ली हो, लेकिन उनका दिल आज भी अपने देश के लिए धड़कता है। यही वजह है कि विदेश में रहकर छत्तीसगढ़िया लोग अपनी मूल संस्कृति को नहीं भूले हैं। विदेश में भी छत्तीसगढ़िया जीवनशैली में ही रहते हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के हजारों एनआरआई समूह नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ी एसोसिएशन 'नाचा' से जुड़कर अमेरिका और दुनिया में छत्तीसगढ़ की खूबसूरती के बारे में बता रहे हैं।

एनआरआई दिवस आज

### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के लिए सब्जियों की खेती

विदेश में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद लेने शिकागो में स्मृति वर्मा घर में छत्तीसगढ़ की प्रमुख भाजियों की खेती करती हैं। बातचीत में उन्होंने बताया कि पति और बच्चों को लाल, चौलाई, पालक, मेथी की भाजी काफी पसंद है। विदेश में नहीं मिलती, इसलिए घर की छत और गार्डन में छोटे रूप में हर साल खेती करती हैं। विदेश में देशी सब्जियों का स्वाद हमें छत्तीसगढ़ से और जोड़े रखता है। उन्होंने बताया कि बचपन से गार्डनिंग का काफी शौक है। शादी के बाद जब विदेश आई तो छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और सब्जियों का स्वाद 2 साल तक नहीं मिला। फिर गार्डनिंग शुरू की और अब बारहों महीने विभिन्न तरह की भाजियों का स्वाद लेते हैं।

### कैफे में शामिल किए छत्तीसगढ़ी व्यंजन

शिकागो में बड़ी संख्या में रायपुर से एनआरआई निवास करते हैं। कुशालपुर की कल्पना तिवारी ने बताया कि अब छत्तीसगढ़ी व्यंजन छत्तीसगढ़ के लोग ही नहीं, बल्कि विदेशी लोग भी खाते हैं। हर साल प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला, फरा, ठेठरी, बड़ा बनाया जाता है, जिसका स्वाद विदेशी लोगों को भी खूब पसंद आता है। कैफे में ब्लैक कॉफी के साथ अब विकल्प में छत्तीसगढ़ी काली चाय भी मिलती है। मांग पर कैफे में छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाए जाते हैं।

**रायपुर।** एनआरआई दिवस पर हरिभूमि ने रायपुर के मूल निवासी एनआरआई से बातचीत की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से दूर होने के बाद भी हमने विदेश में ही अपना छत्तीसगढ़ बसा लिया है। अब विदेश में लाल भाजी से लेकर चौलाई भी आपको खाने मिल सकती है। घर में कोई पूजा का प्रसंग होने पर अब वीडियो कॉल से पूजा कराने की भी जरूरत नहीं है। एनआरआई ने अब वेदों का ज्ञान भी लिया है, जो हिंदू रीति-रिवाजों के साथ शादी भी करा रहे और विभिन्न अनुष्ठान भी। छत्तीसगढ़ से शिकागो, टोरंटो, मेलबर्न, स्वीडन में बड़ी संख्या में रायपुर के लोग रहते हैं। शंकर नगर के चंद्रशेखर वर्मा ने विगत 10 साल से परिवार के साथ शिकागो में हैं। उनका कहना है कि विदेशियों के लिए अब छत्तीसगढ़ के लोग नए नहीं हैं। अब वे हमें और हमारे बारे में जानने लगे हैं। हमारी जीवनशैली उनके लिए नई है, लेकिन उन्हें यह बेहद पसंद है।





### दो साल तक लिया वेदों का ज्ञान

विदेशों में एनआरआई की संख्या बढ़ने के बाद अब वहां भी शुभ कार्य में पूजा के लिए पुरोहितों की मांग है। पुरानी बस्ती के मूल निवासी प्रशांत शर्मा बीते 15 सालों से मेलबर्न में हैं। पेशे से वे सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और पुरोहित भी। उन्होंने बताया कि पिता सुनील शर्मा गांव में पुरोहित हैं। पहले विदेश में अगर किसी एनआरआई को पूजा, कथा या फिर अन्य अनुष्ठान कराना है तो वीडियो कॉल पर निर्भर होना पड़ता था, लेकिन अब देश के विभिन्न राज्यों से लोग मेलबर्न में रह रहे हैं। हर कोई चाहता है कि हिंदू परंपरा के अनुसार शुभ कार्य हो। मांग को देखते हुए मैंने दो सालों तक पिताजी से वैदिक ज्ञान लिया और अध्ययन किया। बचपन से ही संस्कृत पढ़ी तो मंत्र और श्लोक याद थे। अब शहर में मेरी तरह एनआरआई पुरोहित हैं, जो घरों में शुभ कार्यों के दौरान रीति-रिवाज से पूजा करते हैं।



### एप से सीख रहे छत्तीसगढ़ी बोली

अमेरिका में रहने वाले छत्तीसगढ़ के एनआरआई समूह नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ी एसोसिएशन नाचा ने छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति से युवाओं को जोड़ने के लिए एक नई कोशिश की है। उन्होंने एक ऐसा एप तैयार किया है, जिसमें अंग्रेजी या आम बोलचाल की भाषा में इस्तेमाल किए जाने वाले 25 हजार शब्दों का छत्तीसगढ़ी अनुवाद मिलता है। जैसे हाय-हैलो के बदले छत्तीसगढ़ी में जोहार कहा जा सकता है.. इसकी जानकारी इस एप में मौजूद है। विदेश में बसे हजारों लोग इस एप का उपयोग कर रहे हैं। इतना ही नहीं, छत्तीसगढ़ी किताबें और गाने भी इस एप पर पढ़-सुन रहे हैं।



---

## नृत्य में पिरोई राज्यों की लोक संस्कृति, छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूमे छात्र, नाटक से समाज सुधारने का संदेश

**रायपुर।** महुआ झरे.., सुआ लहकते हे.. मोर छत्तीसगढ़ के माटी.. जैसे गीतों पर जब छात्रों ने प्रस्तुति दी तो हर कोई छत्तीसगढ़ी गीतों और नृत्य के मुरीद हो गए। मौका था महादेवघाट रायपुरा स्थित रामकृष्ण शिक्षण संस्थान में आयोजित दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन का। इस दौरान छात्रों ने छत्तीसगढ़ लोकगीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में छग लोक संस्कृति विशेषकर बस्तर क्षेत्र व भारत देश के अनेक राज्यों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्रों के नृत्यों में विभिन्न राज्यों की झलक देखने को मिली। इस दौरान कुछ छात्रों ने अपने नृत्य से समाज को सुधारने का संदेश भी दिया।



### शारीरिक-मानसिक विकास जरूरी



कार्यक्रम के जरिए अतिथियों ने छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से खुद को विकसित करने बात कही। संचालक आरके चौबे ने कहा कि विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास स्वस्थ शरीर, व्यक्तिगत व सामाजिक चेतना से होता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रहास बेहार, पूर्व अधिकारी मोनेट ज्ञानप्रकाश द्विवेदी, संस्था सदस्य सौमित्र चौबे, पद्मजा तिवारी, जेके तिवारी, ममता तिवारी, बीआर शर्मा, आरके चौबे, डॉ. अरुणा चौबे आदि सहित विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### घेरी बेरी.. से अनुज ने जीता दिल

संस्था में कार्यरत भोमेंद्र कुमार देवांगन ने भी अपने मधुर आवाज से छत्तीसगढ़ी गीत मोर छइयां भुइयां का गायन करते हुए सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक व अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय ऐसा मंच है, जिससे आपको सीखने को मिलता है। जीवन में हमेशा सीखने को तत्पर रहना चाहिए, तभी आप सफलता की ओर आगे बढ़ते हैं। इसी दौरान विधायक श्री शर्मा ने प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और छत्तीसगढ़ी गीत घेरी बेरी गुनगुनाया तथा सभी का दिल जीत लिया।

## अयोध्या से आए अक्षत कलश की पूजा, राम स्तुति पाठ ने मोहा मन



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में वनबंधु परिषद महिला समिति द्वारा अयोध्या से आया बुलावा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रामनगरी अयोध्या से आए अक्षत कलश की पूजा कर राम मंदिर की तस्वीर वितरण करने के साथ ही सभी महिलाओं को पीले चावल भी दिए गए। अध्यक्ष कांता सिंघानिया ने बताया कि राम के वेश में वंशिका सोनी ने सभी का मन मोह लिया, वहीं लाली सोनी द्वारा राम स्तुति का पाठ तथा सानवी सोनी व शिवांशी सोनी द्वारा राम भजन-कीर्तन किया गया। उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल ने बताया कि शशि दुबे द्वारा हास्य काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण हास्यमय हो गया। मंच संचालन सविता गुप्ता ने किया।

### 370 सेवानिवृत्त कार्यकर्ताओं का सम्मान

मकर सक्रांति प्रभारी शताब्दी पांडे ने बताया कि हर वर्ष की भांति महिला समिति द्वारा 5 हजार आचार्य व 370 सेवानिवृत्त कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। वनबंधु परिषद की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर 36 महिलाओं ने समिति की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाएं उपस्थित रहीं।

---

गोंडवाना महोत्सव में तीसरे दिन शास्त्रीय संगीत व नृत्य की ग्रुपों ने दी प्रस्तुति

# सुआ-पंथी, बारहमासी नृत्य के बाद लूचा बैंड ने भगवा मंच को किया राममय

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** रीमिक्स गीतों से सजे सुआ गीतों की मधुर तान के बीच बेजोड़ नृत्य प्रस्तुति ने बीटीआई ग्राउंड में जारी गोंडवाना महोत्सव में पहुंचे लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। यहां खरीदी के लिए पहुंचे शहरवासियों को रात में 7 से 10 के बीच गीत-संगीत के साथ भक्तिभाव से ओतप्रोत नृत्य श्रृंखला का लुत्फ लेने का मौका मिला। इस दौरान भारी तादाद में लोग मौजूद थे। इनके बीच श्वेता ने मंच संचालन के साथ ही अपने ग्रुप को भी प्रस्तुति से जोड़ने की जिम्मेदारी निभाई। नित्यम अकेडमी से जुड़ी प्रतिभाओं ने भरतनाट्यम को शानदार अंदाज में पेश किया। इनके बाद रीमिक्स गीतों पर पंथी नृत्य की श्रृंखला सजी। बारहमासी नृत्य पेश करते हुए ग्रुप के कलाकारों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और वाहवाही लूटी। महोत्सव में सांस्कृतिक मंच को भगवा रंग से सजाया गया है।





### लूचा बैंड ने मचाई धूम

अयोध्या में मनाई जाने वाली खुशी की एक झलक सोमवार की रात देखने को मिली। लूचा बैंड के अक्षत गोस्वामी के साथ उनकी टीम ने भी मंच पर जमकर धूम मचाई। रीमिक्स भक्ति सॉन्ग पर जिस तरीके से अयोध्या में उत्सव मनाने की तैयारी है, उसे श्रृंखलाबद्ध तरीके से पेश किया गया। इसके बाद पुराने गीत-संगीत को भूल रहे लोगों को याद दिलाने के लिए पुराने दौर को मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया। महोत्सव को उत्सव बनाने में कई ग्रुप के लोगों ने प्रस्तुति दी। महोत्सव के संयोजक वालेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि सांस्कृतिक प्रोग्राम व खानपान का भी लोग लुत्फ उठा रहे हैं।

### पेश किया शिव तांडव

अकादमी के मेंबर्स ने सोलो परफॉर्मेंस में शिव तांडव की शानदार प्रस्तुति से दर्शकों से वाहवाही लूटी। मनमोहक भाव-भंगिमाओं के साथ ही नृत्य में पारंगत कलाकारों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं 18 दिवसीय महोत्सव-मेले में शहर के लोग हस्त शिल्पियों द्वारा तैयार किए गए प्रोडक्ट खरीदने के बाद विभिन्न व्यंजनों का स्वाद ले सकें, इसके लिए स्टाल भी सजे हैं। इसे देखते हुए मेले में शाम को जाने वाले लोगों को खरीदी के साथ मनोरंजन की सुविधा भी मिल रही है। आयोजक वैभव सिंह सिसोदिया ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला 18 दिनों तक सजाई जाएगी।



## धर्म लाइव

# म्यूजिकल नाइट में झूमा सिंधी समाज गेम्स जीतने दिखाई दी कड़ी टक्कर



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के महिला विंग द्वारा ध्वनि म्यूजिकल नाइट का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इसमें गायक देवाशीष और उनकी टीम ने जमकर सबको झुमाया। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, सिंधी समाज 22 जनवरी के दिन दिवाली बनाए और घर-घर में रामजी की आरती करे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, महिला विंग द्वारा टीम भावना के साथ विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इन आयोजनों का मकसद समाज के लोगों को एकजुट करना और उन्हें मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में म्यूजिकल इवेंट के साथ ही कई तरह की दूसरी प्रतियोगिताएं भी हुईं।

### रोमांटिक गानों में खोए

सिंधी काउंसिल महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी ने बताया, ध्वनि म्यूजिकल कार्यक्रम में पारिवारिक वातावरण रहा साथ में बहुत गेम्स खिलाए गए। इन खेलों का भी महिला सदस्यों ने जमकर आनंद उठाया। प्रतियोगिता जीतने महिलाओं ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर भी दी। गायक देवाशीष ने अरिजित सिंह के रोमांटिक गाने गाकर सब को जमकर झुमाया और अपनी मधुर आवाज से सबका मन मोह लिया। सांसद सुनील सोनी, शदाणी दरबार तीर्थ के सचिव उदय शदाणी, राम गिडलानी, सचिन मेघानी, विक्की लोहाना,नरेश पंजवानी सहित अन्य शामिल हुए।

## लाइव इवेंट

# कविताओं में बताई राम गाथा चरित्र आधारित रचना ने मोहा



**रायपुर।** राजधानी में व्यंकटेश साहित्य मंच द्वारा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। काव्य प्रतियोगिता का विषय 'रोम-रोम में राम' रखा गया था। इस काव्य प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे सहित अन्य वर्ग के लोग भी पहुंचे हुए थे। इस काव्य प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। दिए गए विषय पर आधारित कविताएं छात्रों ने सुनाई। छात्रों के अलावा अन्य वर्ग के प्रतिभागियों ने भी दिए गए विषय पर अपनी काव्य रचना पेश की। छोटे बच्चे भी अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ करने पहुंचे रहे।



### प्रत्येक व्यक्ति का रखा ध्यान

रामचरित्र पर आधारित रचनाओं ने खास तौर से लोगों की तालियां बटोरी। रचनाओं के माध्यम से लोगों ने श्रीराम की जीवन गाथा बताई। इस दौरान माहौल भक्तिमय रहा। इस मौके पर विधायक मिश्रा ने राम और सीता के प्रतीक स्वरूप बच्चों की पूजा अर्चना की।

इसके पश्चात मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, भगवान राम ऐसे पुरुषार्थ के प्रतीक है, जिन्होंने प्रत्येक व्यक्ति का ध्यान रखा और कर्तव्य के प्रति सजग भी किया। हमें अपने देश को आगे बढ़ते रहने के लिए भगवान राम की दिशा निर्देशों के अनुरूप ही कार्य करने की आवश्यकता है।

## सिटी इवेंट

# जैविक चीजों का बढ़ रहा महत्व आयुर्वेदिक औषधि को दें बढ़ावा



**रायपुर।** पूरी दुनिया में जैविक चीजों का महत्व और मूल्य बढ़ रहा है। आयुर्वेदिक औषधि भी जैविक है, इसलिए हम सब को मिलाकर इसे बढ़ावा देना है। ये बातें आयुर्वेदिक चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने कही। महावीर नगर के शिवा प्राइम परिसर में आयुर्वेद शिविर लगाया गया। यहां तनिष्का फाउंडेशन के मातेश्वरी आरोग्यम द्वारा 'निशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं आयुर्वेद परामर्श शिविर' का आयोजन किया गया था। चिकित्सा के आदिदेव भगवान धन्वन्तरि के पूजन पश्चात शिविर प्रारंभ हुआ। विशेषज्ञों ने कहा, समाज में निरंतर बढ़ रही बीमारियों की रोकथाम के साथ ही जीर्ण, जटिल, क्रॉनिक व असाध्य रोगों के इलाज के लिए आयुर्वेद लाभकारी है।

### प्रभात फेरी निकाल अक्षत वितरण



ला विस्टा सोसायटी में सोमवार श्री राम मंदिर निर्माण के शुभ अवसर पर अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश प्रभात फेरी के माध्यम से घर-घर अक्षत पहुंचाया गया। सोसायटी के शिव मंदिर से प्रभात फेरी प्रारंभ हुई और घर-घर अक्षत वितरण किया गया। सोसायटी के परिवारों ने अक्षत कलश की आरती कर पूजा स्थापना की तथा फूलों की वर्षा भी की। महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अंत में हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर कीर्ति व्यास, राजीव लोचन तिवारी, हेमराज बेन, हरजीत हुरा, प्रमिल सग्गर, रवि कोहली एवं नरेश क्षत्री व अन्य उपस्थित रहे।

● 14 प्रखंडों की सनातन टोली रोज 22 हजार परिवारों तक पहुंचा रही चावल

# दिवाली से पहले 22 को साल की बड़ी दिवाली, एलईडी-प्रोजेक्टर पर देखेंगे लाइव, फूल बाजार और दीयों की सजेगी श्रृंखला

राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देशभर के साथ राजधानी में भी लोगों का उत्साह देखने लायक है। इसे देखते हुए फूल बाजार से जुड़े लोग ही नहीं, बल्कि दीए बनाने वालों की उम्मीद भी बढ़ी है। इनके पास लोगों ने आर्डर करना भी शुरू कर दिया है। इसे देखते हुए 22 जनवरी को ही साल की पहली बड़ी दिवाली जैसा माहौल बनने वाला है।









**रायपुर।** विश्व हिंदू परिषद ने शहर के 14 प्रखंडों में शामिल रायपुर व बिरगांव निगम के 110 वार्डों में जाने लगे हैं। इनमें रहने वाले परिवारों तक 4 लाख पत्रक, फोटो और अक्षत पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मंदिरों और घरों में भी दीयों की श्रृंखला सजाने की तैयारी है। शहर के लोगों में राम मंदिर निर्माण व प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी 22 जनवरी को उत्सव का रूप लेने वाली है। अयोध्या से आए अक्षत को बांटने की जिम्मेदारी 5-5 लोगों की 5 टीमों को दी गई है। अभी 5 सौ से ज्यादा टोली 1 जनवरी से रायपुर और बिरगांव निगम क्षेत्र में अक्षत पहुंचाने के लिए टोलियां जा रही हैं। विश्व हिंदू परिषद के घनश्याम चौधरी ने बताया कि अभी रोज 22 हजार से ज्यादा परिवारों को अक्षत पहुंचा रहे हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अभी तक डीडीनगर, कबीर नगर, शंकर नगर, पुरानी बस्ती और गुढ़ियारी से ही 50 जगह भव्य आयोजन की तैयारी को लेकर आयोजकों ने जानकारी दी है। कई क्षेत्रों की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। अभी आयोजकों से जानकारी मिल रही है कि एलईडी और प्रोजेक्टर नहीं मिल रहे हैं। इसे देखते हुए आयोजक घरों से एलईडी टीवी लाने के बाद उसे आयोजन स्थल पर लगाकर लाइव दिखाने की तैयारी में हैं। जल्द ही तैयारी को लेकर आयोजकों से चर्चा होगी और जिम्मेदारी तय होगी।



### फूलों की मांग पर ही आर्डर

फूल चौक के व्यापारी ही नहीं, पुष्प व्यापारी संघ के अध्यक्ष युवराज साहू ने भी उत्सव की तैयारी को देखते हुए रौनक बढ़ने की उम्मीद जताई। उन्होंने बताया कि पुष्प बाजार में दो से तीन दिन पहले ही आर्डर मिलते हैं। इसके बाद फूलों की खेप बाहर से मंगाते है। अभी बड़े आर्डर नहीं आ रहे हैं। जिस तरीके से राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी है। उसे देखते हुए बाजार में पूछपरख बढ़ने की उम्मीद तो हर किसी को है। 18 जनवरी के बाद ही बड़े आयोजनकर्ता और मंदिर समितियों से फूलों के लिए आर्डर मिलने की उम्मीद है। इसे देखते हुए अभी बाहर से फूल मंगाने के लिए आर्डर भी नहीं किया है।



### उत्सव में दीए बिकने की आस

मिट्टी के बर्तन, दीए सहित कई तीज-त्योहार पर उपयोग की जाने वाली कृतियां बनाने वाले कुम्हारों में रोजी-रोटी को लेकर उम्मीद बंधी है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सैकड़ों जगह बड़े आयोजन की तैयारी है। केशव चक्रधारी ने बताया कि अभी दूसरी चीजों के बजाय दीए बनाने पर ही फोकस कर रहे हैं। आयोजक आनन-फानन में आर्डर देने आते हैं। इसे देखते हुए अभी से दीए बनाना शुरू कर दिया है। रायपुरा में 150 से ज्यादा परिवार दीए बिकने की उम्मीद से जुड़े हैं। इसे देखते हुए रोज चाक के सहारे बनाने और सुखाने के बाद उन्हें अंतिम रूप दे रहे हैं। कई लोग आर्डर मिलने के बाद दीए पकाते हैं।

### आर्डर आ रहे बाजार जरूरी

रायपुर पटाखा बाजार के आशीष बावनकर व अशरफ ने बताया कि थोक व्यापारियों के पास बड़े आयोजकों ही नहीं, बल्कि छोटे दुकानदार भी पटाखे लेने आर्डर कर रहे हैं। इसे देखते हुए हमें दिवाली की तरह ही कारोबार की उम्मीद है। शासन-प्रशासन से पटाखा बाजार सजाने के लिए परमिशन लेने का भी प्रयास कर रहे हैं। जिस तरीके से लोग पूछपरख कर रहे हैं। उसे देखते हुए पटाखे की डिमांड रहने की उम्मीद है। इसे देखते हुए पटाखा कारोबारी दिवाली की तरह ही बाजार सजाने तैयार हैं।

# जीवनसाथी चुनने किया एक-दूसरे का दीदार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा आयोजित अखिल भारतीय एजूकेटेड परिचय सम्मेलन का समापन रविवार को किया गया। इस परिचय सत्र में समाज के 200 विवाह योग्य बच्चों ने अपना परिचय दिया तो वहीं आधुनिकतम तरीके से हुए इस परिचय में आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा से पधारे अग्रवाल दंपति ने कहा कि एजुकेटेड परिचय सम्मेलन से जहां हमें अपने विवाह योग्य बच्चों के संबंध तय करने की दिशा में एक अच्छा सहयोग मिला, ऐसा आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए। इस मौके पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी मंच के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि आज परिचय सम्मेलनों का आयोजन समाज के लोगों को अपने बच्चों के संबंध तय करने की दिशा में काफी फायदेमंद हो रहा है। कार्यक्रम के दौरान संयोजक द्वय कन्हैया अग्रवाल एवं हरिवल्लभ अग्रवाल ने भी सभी आगंतुक अतिथियों एवं सामाजिक बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी ने इस सम्मेलन को सफल बनाने में जो योगदान दिया, उसके लिए हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। समापन सत्र के दौरान सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता के रूप में मनोज गोयल, झलप, दिव्यांश अग्रवाल एवं मानस अग्रवाल सहित अन्य सक्रिय पदाधिकारी-सदस्यों का भी सम्मान किया।

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

*मंच परिवार के सदस्यों की बच्चियों ने सुंदर नृत्य की भी प्रस्तुति दी। कायक्रम में कन्हैया अग्रवाल, संजय गर्ग, कन्हैया गोयल, नितेश अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल राजू, राजेश केडिया, दीपक बंसल, सुरेश चौधरी, डॉ. निर्मल अग्रवाल, मनोज एस. गोयल बागबाहरा, अशोक गोयल, पंकज अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, कमल गुप्ता आदि उपस्थित थे।*

# युवाओं को तनाव से दिलाई मुक्ति, मिला नेशनल अवार्ड



**रायपुर।** प्रदेश के समाज सेवक संदीप छेदैया को प्राइड ऑफ यंग हिंदुस्तान नेशनल अवार्ड-2024 से नवाजा गया है। देशभर से आए समाज सेवकों को मुंबई में सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहे संदीप छेदैया मनोवैज्ञानिक औषविधि सेवा संस्था के संस्थापक हैं और 5 साल से शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, जागरूकता के ऊपर निरंतर कार्य कर रहे हैं। संदीप पेशे से रजिस्टर्ड रिटायर्ड साइकोलॉजिस्ट हैं, जो युवाओं में बढ़ रहे निरंतर मानसिक तनाव को कम करने एवं समाज में सकारात्मकता के साथ युवाओं को आगे बढ़ने में मदद कर रहे है। अपनी संस्था के माध्यम से 30 से ज्यादा सरकारी स्कूलों के बच्चों के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

# दिव्यांग छात्रों को विशेष सुविधा परीक्षा पूर्व करने होंगे आवेदन

**रायपुर।** मार्च से होने जा रही कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों को उनके आवश्यकताओं के आधार पर परीक्षा में समुचित व्यवस्था प्रदान करने के लिए वेबिनार का आयोजन किया गया। छग माध्यमिक शिक्षा मंडल तथा समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन हुआ। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं से स्कूलों के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, संकुल समन्वयक एवं दिव्यांग बच्चों के पालकों को अवगत कराया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार साहू द्वारा पीपीटी के माध्यम से हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में दिव्यांग विद्यार्थियों को परीक्षा में विशेष सुविधा एवं छूट संबंधी प्रावधान की विस्तृत जानकारी दी गई।





### 10वीं में 3788 तथा 12वीं में 2489 दिव्यांग परीक्षार्थी

वेबिनार में बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हितग्राही बच्चों के संख्या की जिलेवार समीक्षा की गई। उन्हें परीक्षा में प्रदान की जाने वाली प्रमुख सुविधाओं के संबंध में बताया गया। गौरतलब है कि छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूर्व में 7 प्रकार की दिव्यांगता में ही छात्रों को उनकी आवश्यकता अनुरूप परीक्षा में छूट एवं सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। मौजूदा सत्र से 7 के स्थान पर 21 प्रकार की दिव्यांगता में छूट व सुविधाएं दी जाएंगी। वर्तमान सत्र में सामान्य विद्यालयों में कक्षा 10वीं में 3 हजार 788 एवं कक्षा 12वीं में 2 हजार 489 दिव्यांग छात्र अध्ययनरत हैं। माशिम सचिव वीके गोयल ने कहा, विद्यालयों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की संख्या की तुलना में बहुत कम बच्चों को छूट एवं सुविधा प्रदान करने आवेदन प्राप्त हुआ है। जिन बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं, उन बच्चों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित करने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करले कहा गया है। समग्र शिक्षा के प्रबंध संचालक संजीव कुमार झा सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल रहे।

## एनसीसी कैंप में सेहत दुरुस्त करने हेल्थ व हाइजीन की भी ट्रेनिंग

# छात्रों को सिखा रहे कम समय में जटिल उत्तर याद करना मैप को लंबे समय तक दिमाग में बैठाए रखने खास टिप्स

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** राष्ट्रीय कैडेट कौर द्वारा लखोली में दस दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया है। प्रत्येक दिन विभिन्न विषय की ट्रेनिंग कैडेट्स को दी जा रही। 11 जनवरी तक चलने वाले इस शिविर में विद्यालय व महाविद्यालय के 209 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम ने बताया, शिविर में कैडेट्स के साथ 9 एनसीसी अधिकारी व 11 आर्मी स्टाफ मौजूद हैं। वहीं ट्रेनिंग के दौरान बच्चों के रुचि को महत्व देते हुए ट्रेनिंग दी जाती हैं। छात्रों को प्रत्येक को कार्य मोटिवेट किया जाता है। खेल के प्रयोग से कठिन विषयों को जानकारी दी जाती है। राइफल, एसएलआर की जानकारी उनके पार्ट्स के नाम से दी जा रही। बुधवार को कैंप परिसर में भव्य रुप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।



### किन-किन विषयों में कराई जाती हैं तैयारी?

जूनियर अंडर ऑफिसर शिवम शुक्ला ने बताया, मैं शहर के साइंस कॉलेज का विद्यार्थी हूं। तीन सालों से मैं एनसीसी में हूं। कैंप में हेल्थ व हाइजीन, ड्रील व उसका इतिहास, वेपन ट्रेनिंग, मैप ट्रेनिंग जैसे कई विषयों को शामिल किया गया है। मैप के सबंध में हलवदार अरुण देसले ने शामिल हुए प्रतिभागियों को जानकारी दी। मैप याद करने के कई तरीकों से हम अवगत कराते हुए। चिन्हों के माध्यम से शिक्षा दी गई।



### सपनों को पूरा करने हुई एनसीसी में शामिल

सीनियर अंडर ऑफिसर विभा देवांगन ने बताया, मैं बीते 3 वर्ष से एनसीसी में हूं। कैंप में रोजाना सुबह 6:30 बजे से फिजिकल एक्टिविटी कराई जाती है। इसमें दौड़ प्रतियोगिता भी शामिल है। एनसीसी में शामिल होने के लिए कई तरह की परीक्षा ली जाती है, जिसमें चयनित विद्यार्थियों को एनसीसी की ओर से मौका दिया जाता हैं। आर्मी जवानों से प्रेरणा लेकर मैंने एनसीसी में शामिल होने की सोची। भविष्य आर्मी ऑफिसर बनना है।



### भाषण में कहें, फाइनेंसियल इंडिपेंडेंट से प्रभावित



प्रगति मिश्रा ने बताया, मैं बीते एक साल से एनसीसी का हिस्सा हूं। एनआईटी की छात्रा हूं। इस वर्ष मैं बी सर्टिफीकेट के लिए तैयारी कर रही। कैंप परिसर में 4 जनवरी को मेजर माथूर ने सभी एनसीसी कैंडिडेट्स को संबोधित करते हुए अग्निवीर में भर्ती होने के लाभ गिनाए। साथ ही फाइनेंशियल इंडिपेंडेंट होने के लिए प्रेरित किया। एनसीसी में शामिल होने का मुख्य कारण व्यक्तित्व विकास है। थल सेना के कार्यों से प्रभावित होकर भी इसमें शामिल हुई।

### अनुशासन व टाइम मैनेजमेंट



एनसीसी कैडेट सोम प्रकाश राठोर ने बताया, मैं एनआईटी में इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष का विद्यार्थी हूं। बड़े भाई आर्मी में हैं। उनके कार्यों से प्रभावित होकर, एनसीसी ज्वाइन की। परीक्षा के दौरान एनसीसी में सिखाए कई टिप्स मददगार साबित होते हैं, जैसे- कम समय में जटिल उत्तर को याद करना। यहां हमें अनुशासन में रहने व टाइम मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे हमारे प्रभावशाली चरित्र का निर्माण होता है।

### डर दूर करने के लिए राइफल ट्रेनिंग



कैडेट गुलशन देवांगन ने बताया, मैं कक्षा 10वीं का छात्र हूं। बीते दो साल से एनसीसी के विभिन्न ट्रेनिंग का हिस्सा हूं। एनसीसी परिसर में अनुशासन में रहते हुए एकता के साथ कार्य करने लिए प्रेरित किया जाता है। लही विद्यालय के कई सीनियर व मेरे दोस्त कैंप परिसर में शामिल हैं, जहां हमें स्वयं का डर दूर करने के लिए राइफल ट्रेनिंग जैसी कई ट्रेनिंग कराई जाती है।

सिटी स्पोर्ट्स

## शानदार निशाना लगाकर कंपाउंड इवेंट में अभी खत्री ने किया प्रथम स्थान प्राप्त



तीरंदाजी की कंपाउंड इवेंट की प्रतियोगिता सोमवार को हुई है। इसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इसमें रैंकिंग राउंड (60 मीटर+ 60 मीटर) में दिल्ली के अभी खत्री प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार मानव जाधव द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान पर गणेश मनी रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर दिल्ली की ऐश्वर्या शर्मा, द्वितीय दिल्ली की कुमुद सैनी और तृतीय स्थान पर आंध्रप्रदेश के बी नागा साई रहे। सोमवार की प्रतियोगिता के आधार पर मंगलवार की प्रतियोगिता में टीम इवेंट और मिक्स इवेंट होंगे और विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनकर सम्मानित किया जाएगा। मंगलवार को व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक के लिए अभी खत्री और मानव यादव की भिड़ंत होगी। वही बालिका वर्ग में रानी और अदिति कुमारी के बीच मुकाबला होगा।

## प्रदेश के होनहार जिमनास्टिक मंदीप ने राष्ट्रीय स्तर में जीते चार मेडल



रायपुर। राष्ट्रीय स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता 7 और 8 जनवरी को डीएवी स्कूल कोलची हंसराज मॉडल स्कूल दिल्ली में हुई। इसमें छत्तीसगढ़ के मंदीप सिंह ने चार मेडल जीते और राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने फ्लोर एक्सरसाइज में सिल्वर मेडल, वालटिंग टेबल में ब्रांच मेडल, पैरेलल बार में ब्रॉन्ज मेडल और ऑल राउंड खिलाड़ी के रूप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 7 वर्षों से मंदीप वर्ल्डस बेस्ट जिमनास्टिक संस्थान में कोच लक्ष्मण गुरूंग और राजेश कुर्रे, नयन सोनी से ट्रेनिंग ले रहे हैं। मंदीप 6 बार राज्यस्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता में भाग लिया है और मेडल प्राप्त किए है। छग जिम्नास्टिक एसोसिएशन के महासचिव जीपी तिवारी, राजनांदगांव जिला जिम्नास्टिक संघ के अध्यक्ष नीरज कुमार बाजपेयी एवं कांकेर जिला जिमनास्टिक अध्यक्ष बाबूलाल कोमरे, रायपुर जिला संघ अध्यक्ष मनीष रामटेके एवं एनआईएस कोच बिश्वजीत मलिक, कोच अमन साव, चंद्रदीप भारती, विवेक वर्मा, बुद्धी प्रदा ने मंदीप को शुभकामनाएं दी है।

## अखिल भारतीय ब्रिज खेल टूर्नामेंट आज से, सजेगी ताश के पत्तों की बाजी



रायपुर । 45वें अखिल भारतीय ब्रिज टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने 9 से 11 जनवरी तक रायपुर में किया है। तीन दिवसीय इस ब्रिज खेल स्पर्धा में अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड के अधीन आने वाले कई राज्य के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसका उद्घाटन 9 जनवरी को सुबह 10 बजे एम्स के सामने होटल गगन पैलेस में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में पॉवर डि स्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे एवं जनरेशन कंपनी के एसके कटियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान ने बताया कि अभी तक छह राज्यों के लगभग 30 खिलाड़ियों के इसमें शामिल होने की सहमति प्राप्त हो गई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद द्वारा पहले भी राष्ट्रीय स्तर खेल स्पर्धा का सफल आयोजन किया गया है। सभी खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था कर ली गई है। स्पर्धा का समापन 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे होगा।

भरपूर आराम के बाद भी थकान महसूस करना हो सकता है संकेत

# ठंड में रहे सावधान, बढ़ जाता है साइलेंट हार्ट अटैक का खतरा

नई दिल्ली। सर्दियों में साइलेंट हार्ट अटैक के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी होती है। साइलेंट हार्ट अटैक, जिसे साइलेंट मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (एसएमआई) के रूप में भी जाना जाता है। ये तब होता है जब हृदय की मांसपेशियों के एक हिस्से में रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे क्षति होती है, बिना व्यक्ति को सीने में दर्द या असुविधा हुए इसका अनुभव होता है। ये ऐसा दिल का दौरा है जो सीने में दर्द या बेचैनी जैसे विशिष्ट लक्षणों के बिना होते हैं। इन स्थितियों का पता लगाना अक्सर मुश्किल होता है, लेकिन कुछ संकेतों से आप इन्हें पहचान सकते हैं।



### नींद में खलल

साइलेंट हार्ट अटैक नींद के पैटर्न को बाधित कर सकता है, जिससे सोने में परेशानी हो सकती है। अपनी नींद के पैटर्न में बदलाव पर ध्यान दें, जैसे सोने में कठिनाई, रात में बार-बार जागना, या बेचैनी महसूस करते हुए जागना। साइलेंट हार्ट अटैक के परिणामस्वरूप चिंता या बेचैनी का आभास हो सकता है।

### शरीर के ऊपरी हिस्से में अस्पष्ट कमजोरी या परेशानी

साइलेंट हार्ट अटैक के कारण बांहों, कंधों या पीठ के ऊपरी हिस्से सहित शरीर के ऊपरी हिस्से में सामान्य कमजोरी या दर्द की अनुभूति हो सकती है।

**पसीना आना :** बिना किसी स्पष्ट कारण के पसीना आना, खासकर ठंडे तापमान में या आराम के दौरान, साइलेंट हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। ध्यान दें कि क्या आपको शारीरिक गतिविधि किए बिना अचानक अत्यधिक पसीना आने लगता है तो ये खतरे का संकेत हो सकता है।

**शरीर के अन्य क्षेत्रों में बेचैनी :** साइलेंट हार्ट अटैक के कारण जबड़े, गर्दन, हाथ, पीठ या पेट सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में असुविधा या दर्द हो सकता है। बेहोशी महसूस होना, चक्कर आना या बिना कारण चक्कर आना साइलेंट हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। अचानक या बार-बार चक्कर आना या बेहोश होने जैसा महसूस होने पर ध्यान दें।



**थकान :** भरपूर आराम के बाद भी अत्यधिक थकान महसूस करना साइलेंट हार्ट अटैक का संकेत हो सकता है। अचानक हुई थकावट पर ध्यान दें, जो कई दिनों या हफ्तों से बनी हुई हो। सामान्य दिल के दौरे से जुड़े गंभीर सीने के दर्द के विपरीत, साइलेंट हार्ट अटैक में सीने में हल्की असुविधा या दबाव जैसा प्रतीत हो सकता है, जो आता-जाता रहता है। छाती में रुक-रुक कर होने वाली जकड़न, सिकुड़न या हल्के दर्द पर ध्यान दें।

**सांस लेने में तकलीफ :** विशेष रूप से शारीरिक गतिविधि के दौरान या बिना परिश्रम के सांस फूलना दिल की समस्या का संकेत हो सकता है। ध्यान दें कि क्या कम प्रयास या आराम करने के बाद भी अचानक आपकी सांस फूलने लगती है। साइलेंट हार्ट अटैक के कारण हल्की मतली, पेट दर्द या अपच जैसे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण हो सकते हैं।



## आज है साल का पहला प्रदोष व्रत, उपवास के लिए इन बातों का रखें खास ध्यान

**नई दिल्ली।** हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, व्रत के दिन भगवान शिव की उपासना करने से व्यक्ति को बल, बुद्धि, विद्या और धन की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में आ रही सभी प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, वर्ष 2024 का पहला प्रदोष व्रत 9 जनवरी, मंगलवार के दिन रखा जाएगा। इस विशेष दिन पर पूजा-पाठ के साथ-साथ स्नान-दान का भी विशेष महत्व है। बता दें कि मंगलवार का दिन होने के कारण इस व्रत को भौम प्रदोष व्रत के नाम से जाना जाएगा।

वैदिक पंचांग के अनुसार, कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 8 जनवरी मध्य रात्रि 11:58 से शुरू होगी और 9 जनवरी रात्रि 10:24 पर समाप्त हो जाएगी। ऐसे में प्रदोष व्रत का पालन 9 जनवरी 2024, मंगलवार के दिन किया जाएगा। इस विशेष दिन पर पूजा मुहूर्त शाम 05:41 से रात्रि 08:24 तक रहेगा। पंचांग में बताया गया है कि इस विशेष दिन पर वृद्धि योग का निर्माण हो रहा है, जो पूरे दिन रहने वाला है।

### इन बातों का रखें ध्यान

प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान-ध्यान करें और भगवान शिव की उपासना जरूर करें। महादेव की पूजा करते समय शिवलिंग पर गंगाजल अर्पित करें और बेलपत्र, भांग, धतूरा इत्यादि जरूर अर्पित करें। भगवान शिव की उपासना के साथ-साथ महादेव के समस्त परिवार की भी पूजा करें। शिव चालीसा का पाठ भी जरूर करें।

### प्याज-लहसुन के सेवन से करें परहेज

प्रदोष व्रत के दिन व्यक्ति को तामसिक भोजन, जैसे प्याज-लहसुन के सेवन से परहेज करना चाहिए। साथ ही इस दिन मांस अथवा मदिरा का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से देवी-देवता क्रोधित हो जाते हैं और जीवन में कई परेशानियां उत्पन्न हो सकती है। प्रदोष व्रत के दिन किसी भी व्यक्ति का अपमान भूल कर भी नहीं करना चाहिए। साथ ही इस विशेष दिन पर मन में नकारात्मक भाव नहीं लाने चाहिए

## नवा रायपुर प्रीमियर लीग: धनंजय का बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन, टीम को दिलाई शानदार जीत

**नवा रायपुर।** विभागाध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ एवं शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम राखी स्थित खेल मैदान में किया जा रहा है। इसमें नवा रायपुर स्थित विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवं मंत्रालय से 60 टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबला को रोमांचक बना दिया है। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में मंगलवार को तीन मैच खेले गए। इसमें पहला मैच राखी थाना और पर्यावरण संरक्षण मंडल नवा रायपुर के बीच रोमांचक मैच खेला गया। इसमें राखी थाना ने मैच जीता।



### शानदार गेंदबाजी कर रोके रन

तीसरा मैच सीजी राज्य ग्रामीण बैंक और पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के बीच खेला गया, जिसमें ग्रामीण बैंक पहले बल्लेबाजी करते हुए 54 रन का लक्ष्य दिया। इसमें विजय ने 34 रन का योगदान दिया और पीएचक्यू की तरफ से धनंजय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 5 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके जवाब में पीएचक्यू की टीम ने लक्ष्य को 4.2 ओवर में हासिल कर लिया। इस मैच में धनंजय ने ही सबसे ज्यादा रन का योगदान दिया उन्होंने कुल 31 रन का योगदान दिया और मैन आफ द मैच रहे।

मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने रामसागर कौशले, संतोष कुमार वर्मा, जय साहू, सुरेश ढीढी, महेंद्र साहू, आरएन पटेल, नीरज राय, जोईधा साहू, अजय देशमुख, हीरा सिंह, राकेश चंद्राकर, संजीत चक्रवर्ती, प्रेषक साहू, गालव चंद्राकर, रमन साहू, टीआर बंजारे, विष्णु पाटेकर, त्रिदेव अवसर, राघव कुमार आदि उपस्थित रहे।

### रोमांचक रहा मुकाबला

दूसरा मैच संचालनालय आयुक्त भू अभिलेख विभाग और संचालनालय ग्रामोद्योग के बीच खेला गया। इसमें भू अभिलेख ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। इसमें भू अभिलेख अच्छी गेंदबाजी करते हुए एक के बाद एक विकट लेते रही और ग्रामोद्योग की टीम को 59 के स्कोर पर रोक दिया। भू अभिलेख की तरफ से सुरेंद्र ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की और 2 विकट लिए। वही ग्रामोद्योग की तरफ से चेतन से 28 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को एक सम्मानजनक स्कोर तक ले गए। उसके बाद ग्रामोद्योग की तरफ से गणेश दास ने बहुत ही किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 5 रन देकर 4 विकेट लिया और भू अभिलेख की टीम को मात्र 34 रन पर धराशायी कर दिया।

## पैसों को रखने के लिए उत्तर दिशा होती है बेहद शुभ, कभी नहीं होगी धन की कमी

**नई दिल्ली।** हर किसी के पास तो पैसों को रखने के लिए अलग से तिजोरी नहीं होती या उनके लिए ऐसा कर पाना मुश्किल होता है। तो ऐसे लोगों को किस दिशा में अपना पैसा रखना अच्छा रहेगा।



### आर्थिक स्थिति में आता है सुधार

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, जिन लोगों के पास पैसा रखने के लिए अलग से तिजोरी या कोई अलमारी नहीं है उन लोगों को अपना पैसा रखने के लिए उत्तर दिशा का चुनाव करना चाहिए। ऐसे लोगों के लिए उत्तर दिशा सबसे अच्छी रहती है। पैसे को इस स्थान पर रखने से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति में सुधार आता है। आप अपने घर के किसी भी कमरे की उत्तर दिशा में पैसों के लिए जगह बना सकते हैं लेकिन ध्यान रहे कि जिस कमरे में आप पैसा रख रहें हैं वह कमरा सुरक्षा के लिहाज से महफूज होना चाहिए।

### तिजोरी को दक्षिण दिशा की तरफ रखें

कई बार ऐसा होता है कि आप चाहें कितना ही पैसा कमा लें लेकिन फिर भी आपकी तिजोरी में बरकत नहीं होती। इस परेशानी से बचने के लिए तिजोरी को सही दिशा में रखना बहुत जरूरी है। तिजोरी को या तो दक्षिण दिशा की तरफ दिवार से सटाकर रखें, जिससे इसका मुंह उत्तर की ओर खुले या फिर पश्चिम दिशा में रखे, जिससे यह पूर्व की ओर खुलेगी।

### उत्तर दिशा के स्वामी कुबेर

वास्तु शास्त्रों के अनुसार, उत्तर दिशा के स्वामी कुबेर और पूर्व दिशा में इंद्र देव का वर्चस्व माना जाता है। इन दोनों दिशाओं में तिजोरी का मुंह खुलने से पैसों की बढ़ोतरी होगी और परिवार में भी खुशहाली का वातावरण बना रहेगा। लेकिन ध्यान रहे कि तिजोरी का मुंह दक्षिण दिशा की तरफ कभी भी न हो। क्योंकि ये दिशा यम की दिशा है और इस दिशा में तिजोरी का मुंह खुलना मतलब परेशानियों को बुलावा देना है।





















फिल्म इवेंट

भोजपुरी

## माही का नया सॉन्ग राजा जी के तिलवा प दिलवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव उन अभिनेत्रियों में से हैं जो दिन पर दिन दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही हैं। माही भोजपुरी सिनेमा की राइजिंग स्टार हैं, जिनके गानों का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वो जब भी किसी गाने में परफॉर्म करती है तो वो गाना यूट्यूब पर वायरल हो जाता है। उनकी अदाकारी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज हो गाय है। इस गाने के बोल 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी गाने 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' को खुशी कक्कर ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। उनकी आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव के ठुमकों ने चार चांद लगा दिया है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स के ऑफिसियल चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। गाना यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में माही को एक लड़का पसंद आ जाता है, जिससे देखकर उनको उससे प्यार हो जाता है। गाने का फिल्मांकन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है। वही इसको लोकेशन के हिसाब से फिल्माया गया है।

हालीवुड

## एरियाना का 7वें स्टूडियो एलबम का पहला सिंगल 12 को होगा आउट



**लॉस एंजेलिस।** एरियाना ग्रांडे, जिन्होंने हाल ही में पोस्ट किया था कि उन्होंने अपना लंबे समय से प्रतीक्षित सातवां स्टूडियो एलबम पूरा कर लिया है, ने घोषणा की कि इसका पहला सिंगल 12 जनवरी को आएगा। गाने का शीर्षक स्पष्ट रूप से 'यस, एंड?' है, जो ग्रांडे के 2019 अर्ध-आत्मकथात्मक एकल और एलबम, 'थैंक यू, नेक्स्ट' से एक चंचल प्रगति है। रिपोर्ट के अनुसार गायिका को हाल के वर्षों में कई हिट सिंगल्स में दिखाया गया है। विशेष रूप से वीकेंड के 'सेव योर टीयर्स' और 'डाई फॉर यू' के रीमिक्स - लेकिन उन्होंने कोई एलबम या एक भी रिलीज़ नहीं किया है। अक्टूबर 2020 में उनकी छठी पूर्ण-लंबाई, 'पोज़िशन' के रिलीज़ होने के बाद से उनके अपने नाम के तहत। वह यूनिवर्सल के हिट ब्रॉडवे म्यूजिकल 'विकेड' के बड़े स्क्रीन रूपांतरण पर कड़ी मेहनत कर रही है, जो नवंबर में आने वाला है और अधिक चुपचाप, वह लंबे समय के प्रबंधक स्कूटर ब्रौन के साथ भी अलग हो गई और अब उसकी जगह ब्रैंडन क्रीड (जो लोवाटो को संभालते हैं) ने ले ली है। पिछले साल इंस्टाग्राम पोस्ट की एक श्रृंखला से पता चला कि एरियाना लंबे समय से सहयोगी मैक्स मार्टिन और इल्या सलमानज़ादेह के साथ एल्बम नंबर 7 पर काम कर रही हैं।

टॉलीवुड

## 12 को बड़े पर्दे पर आएगी महेश बाबू की 'गुंटूर करम'



**हैदराबाद।** ऐक्टर महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। एक्शन से भरपूर तेलुगु फिल्म 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास और महेश बाबू की जोड़ी तीसरी बार 'गुंटूर करम' में साथ नजर आने वाली है। 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर ही महेश बाबू के फैंस सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए हैं। गुंटूर करम के ट्रेलर को देखकर फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाता है। फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू 'रमन रेड्डी' का किरदार निभाते नजर आएंगे। जो सिस्टम के खिलाफ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है, गुस्से में कड़ी कार्रवाई करती है, खुश होने पर नाचती है और सीटियां बजाती है। फिल्म में 'रमन' को एक्शन करते देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन एक ऐसी मां के किरदार में नजर आ रही हैं, जो अपने बेटे को अनाथ छोड़कर कहीं चली जाती है, लेकिन इसकी वजह क्या है? अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म 'गुंटूर करम' की रिलीज के बाद ही मिलेगा। सुपरस्टार महेश बाबू आखिरी बार फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में नजर आए थे। उसके बाद साल 2023 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई, यही वजह है कि महेश बाबू के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म 'गुंटूर करम' में महेश बाबू श्रीलीला के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। महेश बाबू और श्रीलीला की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में महेश बाबू और श्रीलीला के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर करम' का मुकाबला रवि तेजा की फिल्म 'ईगल' से होगा। रवि तेजा की फिल्म भी मकर संक्रांति पर रिलीज होने वाली है। वहीं 'गुंटूर करम' 12 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।

लाइफ स्टाइल

अपना फैशन स्टेटमेंट




> टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना का फैशन सेंस कमाल का है। सुरभि साड़ी में जितनी खूबसूरत दिखती हैं, वेस्टन आउटफिट्स में भी उतनी ही सुंदर दिखती है। वेस्टन हो या ट्रेडिशनल लुक सुरभि पर हमेशा ग्लैमरस ही लगता है। सुरभि सोशल मीडिया पर अपने लुक्स की फोटो शेयर करती रहती हैं। सुरभि जिस तरह से कपड़ों को कैरी करती हैं, वो किसी भी अभिनेत्री को टक्कर देने वाला है।

# सोलो ट्रिप को बनाना है रोमांचक तो इन गलतियों को करने से बचें

नई दिल्ली। जिंदगी में हर काम कभी न कभी हम अकेले करते ही हैं। ऐसे ही अगर आपने भी पहली बार अकेले किसी ट्रिप पर जाने का फैसला लिया है, तो जाहिर है कि आपके मन में कुछ डर हो और कुछ सवाल भी हो।

लेकिन एक बात तय है कि इन सबके बावजूद भी आपका पहला सोलो ट्रिप आपके लिए काफी रोमांचक और यादगार रहेगा। हालांकि, आपको अपनी ट्रिप पर कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए ताकि आपकी ट्रिप बर्बाद न हो। आइए जानते हैं, किन बातों का ख्याल रख, आप अपनी सोलो ट्रिप पर कुछ गलतियां करने से बच सकते हैं।

**ओवर पैकिंग न करें :** पहली बार अकेले ट्रिप पर जाने से पहले आप हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। इसलिए हो सकता हैं कि आप अपने साथ काफी सारी चीजें पैक कर लें, लेकिन ऐसा न करें। ज्यादा सामान पैक करने की वजह से आपको सामान उठाने में तकलीफ हो सकती है। इसलिए सिर्फ उतना ही समान पैक करें, जिसकी आपको जरूरत हो या जिसके बिना काम न चल सके।



**ओवर शेड्यूलिंग न करें :** ऐसा हो सकता है कि आप अपनी ट्रिप का एक भी मिनट बर्बाद करना न चाहें और इसलिए हर मिनट के लिए कुछ न कुछ प्लान कर लें, लेकिन ऐसा करने से आपकी ट्रिप का मजा किरकिरा हो सकता है। ऐसा हो सकता है कि आप किसी भी जगह जल्दबाजी की वजह से ठीक से एंजॉय न कर पाएं और आप काफी थक भी सकते हैं।

### अपने परिवार से संपर्क में रहे


बाहर घूमते समय हो सकता है कि आप सब कुछ खुद करना चाहे या इसे खुद के लिए चैलेंज की तरह देखें, लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए या किसी इमरजेंसी की स्थिति के लिए आप आपके किसी परिवार के सदस्य से संपर्क रहें ताकि अगर आप किसी मुसीबत में फसें तो मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकें और अपना इटिनरी भी अपने परिवार के साथ शेयर करें।

### प्लान बी तैयार रखें

कई बार ऐसा हो सकता है कि आपका ट्रेवल का प्लान खराब हो जाए। कोई रिजर्वेशन कैंसल हो जाए या कोई जगह आपको पसंद न आए। इसलिए अपने ट्रिप के लिए एक प्लान बी जरूर तैयार करके चलें ताकि आपकी ट्रिप का मजा खराब न हो।


## बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए इन स्टाइलिंग टिप्स पर दें ध्यान

फैशन



**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए कपड़े, लिपस्टिक के कलर, स्टोल लेने का तरीका, जींस की फिटिंग जैसी कई सारी चीज़ें बेहद मायने रखती हैं, लेकिन बहुत ही कम महिलाओं का ध्यान इस पर जाता है। यंग लुक पाने के चक्कर में वो कई ऐसी गलतियां करती हैं, जो उन्हें और ज्यादा बूढ़ा दिखाती हैं। कहने का मतलब है कि जैसे-जैस आपकी उम्र बढ़ती है आपको अपने स्टाइल पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में, जो आपको करना है अवॉयड।

**लाइट लिपस्टिक चुनें :** लिपस्टिक मेकअप का बहुत ही जरूरी हिस्सा है, लेकिन बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए ब्राइट कलर की जगह लाइट कलर चुनें। पीच, ब्लश पिंक, न्यूड शेड्स अच्छे लगेंगे, लेकिन हां अगर आपके लिप्स बहुत पतले हैं, तो आप हल्के ब्राइट शेड्स चुन सकती हैं।



**हेयर कलर हो सही :** बढ़ती उम्र में सफेद बालों को छिपाने के लिए मेहंदी लगाने की जगह कोई हेयर कलर ट्राई करना चाहती हैं, तो बहुत डार्क कलर अवॉयड करें। क्योंकि इससे लुक बहुत ज्यादा ड्रामैटिक लगेगा। नेचुरल शेड्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। हेयर कलर करवाते समय अपनी स्किन टोन का भी ध्यान रखें।

**फिटेड जींस पहनें :** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है स्किन लूज होने लगती है फिर चाहे वह चेहरे की हो या शरीर के किसी पार्ट की, तो इसके लिए फिटेड जींस चुनें। हिप्स एरिया फर्म दिखे।

**मेकअप का रखें ध्यान :** बढ़ती उम्र में स्किन अपनी नमी खोने लगती है, जिस वजह से वो बहुत ज्यादा ड्राई नजर आने लगती है। अगर आप वेडिंग या पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं, तो पाउडर मेकअप करना अवॉयड करें क्योंकि इससे स्किन और ज्यादा ड्राई नजर आएगी।।

## चांदनी वाइब्स: पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित

पश्मीना रोशन ने हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उनके पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था, जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा। चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया।

जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।



## मैट्रिमोनियल साइट्स से दूल्हा-दुल्हन ढूंढने से पहले इन बातों का रखें खास ख्याल

**नई दिल्ली।** एक समय था जब शादी के लिए लड़का या लड़की ढूंढना एक बड़ा काम होता था। कई महीनों की खोज के बाद, माता-पिता अपनी बेटी या बेटे के लिए उपयुक्त वर और वधू ढूंढ पाते थे, लेकिन समय के साथ कई चीजें बदल गई हैं और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि एक क्लिक पर सैकड़ों लड़कियों और लड़कों की लाइन लग जाती है। वैसे तो एक क्लिक पर कई विकल्प मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ये विकल्प गलत साबित हो जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप ऑनलाइन किसी मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से शादी करना एक आम और सुगम विकल्प बन गया है। लेकिन इस प्रक्रिया में सुरक्षा और ध्यानपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऑनलाइन पोर्टल की मदद से शादी करना चाहते हैं, तो इन बातों का खास ख्याल रखें।



**सुरक्षा का पहला महत्वपूर्ण कदम :** ऑनलाइन शादी के पोर्टल्स का चयन करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। जांचें कि पोर्टल आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखता है और क्या वे आपके डेटा का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

**प्रोफाइल विवरण में सच्चाई :** आपके प्रोफाइल विवरण में सच्चाई होना बहुत महत्वपूर्ण है. झूठी जानकारी से बचें, क्योंकि यह आपके साथी को गलत सिग्नल भेज सकता है और आपके बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है।

**प्राथमिक मिलने का उपाय :** ऑनलाइन बातचीत और वीडियो कॉल्स के माध्यम से साथी को पहचानने का प्रयास करें पहले ही। यह आपको उनके साथ वास्तविक जीवन में एक सुरक्षित मिलने का मौका देगा और साथी की पहचान में मदद करेगा।

कार्नर न्यूज

चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, तो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है

*नई दिल्ली। जनवरी माह में भारत में कई राज्यों में तरह-तरह के फेस्टिवल्स का आयोजन होता है। इसमें दुनियाभर से पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें रण उत्सव तीन महीने तक चलने वाला बहुत ही शानदार फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में शामिल होकर आप गुजरात की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देख सकते हैं। फेस्टिवल में होने वाला गुजराती लोकनृत्य, संगीत बेहद खास होता है। अगर आप खाने के शौकीन हैं, तो यहां आकर आप गुजरात के लजीज जायकों का आनंद ले सकते हैं। पूर्णिमा के दौरान यहां घूमने की प्लानिंग सबसे बेस्ट रहेगी। चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, जो एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यहां आकर टेंट में रूकने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें।*

# ठंड में देश के इन फेस्टिवल्स में हो शामिल मिलेगा जनवरी माह में गजब का आनंद



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

हर साल जयपुर में जनवरी माह में लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें जाने-माने लेखक और स्पीकर्स हिस्सा लेते हैं। अगर आपको लिटरेचर में दिलचस्पी है, तो आपको इस फेस्टिवल में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यहां आपको कई लेखकों के अचीवमेंट्स, उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

### इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल

आसमान में ढेर सारी रंग-बिरंगी पतंगों को देखने भी गजब का एन्जॉयमेंट है। मकर सक्रांति के अवसर पर गुजरात में इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के पतंगबाज पहुंचते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सुबह सूर्योदय से ये फेस्टिवल शुरू हो जाता है और सूर्यास्त तक चलता है। पतंगबाजी के अलावा इस फेस्टिवल में एरियल एक्रोबेट्स, पतंग बनाना, काइट पेंटिग जैसे और भी कई दूसरे मनोरंजक कॉम्पिटिशन होते हैं।

### बीकानेर कैमल फेस्टिवल

जनवरी में बीकानेर कैमल फेस्टिवल में भी पहुंचकर मस्ती कर सकते हैं। जहां ऊंटों की तरह-तरह से सजावट की जाती है। उनकी रेस होती है और उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। जो बहुत ही खास होता है। इसके साथ ही आग के साथ कलाबाजी करते हुए लोग और राजस्थानी लोक कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देख सकते हैं।



### मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल

मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक फेस्टिवल है। जहां म्यूजिक के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य और दूसरी कलाएं भी देखने का मौका मिलता है। भारत के कोने-कोने से कलाकार इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचते हैं, जिनकी परफॉर्मेंस समां बांध देती है।

### अराकू बैलून फेस्टिवल

आंध्रप्रदेश टूरिज्म द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसमें हॉट एयर बैलून राइड खास होता है। हॉट एयर बैलून राइड द्वारा आप यहां के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। रात में कैंपिंग कर सकते हैं और कॉफी प्लांटेशन टूर भी कर सकते हैं।